सूर्योदय - 06:46
सूर्यास्त - 05:27

अधिकतम तापमान 27.1°
न्यूनतम तापमान 12.1°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 111 गुरुग्राम (हरियाणा), 'सोमवार 23 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ठ : 08

'नशा मुक्त हरियाणा' अभियान को मिल रही है नई गति : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

नशा तस्करों को कड़ी चेतावनी, होगी सख्त कार्रवाई

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'हरियाणा उदय' कार्यक्रम के तहत सिरसा जिले के कालांवाली में आयोजित भव्य 'नशा मुक्त हरियाणा' मैराथन के 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की दौड़ के विजेताओं को सम्मानित किया और युवाओं को खेलों व शिक्षा की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य 'नशा मुक्त हरियाणा' बनाना है। उन्होंने नशा तस्करों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि किसी को भी हमारी युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेलने का अधिकार नहीं है। ऐसे असामाजिक तत्व या तो नशे का कारोबार छोड़ दें या हरियाणा छोड़ दें, अन्यथा सरकार उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि सरकार की सख्त नीतियों के तहत अब तक नशा कारोबारियों की लगभग 94 करोड़ रुपए की संपत्ति सीज की जा चुकी है।



सिरसा के कालांवाली में आयोजित 'यूथ मैराथन' को झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, साथ में हैं पूर्व सांसद श्रीमती सुनीता दुग्गल, मैराथन के ब्रांड एंबेसडर और पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान सरदार सिंह।

नशा मुक्ति केंद्रों और स्वयं सहायता समूहों की सराहना

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों, सिविल अस्पतालों और नशा मुक्ति केंद्रों के माध्यम से लाखों युवाओं को नशे के चंगुल से बाहर निकालकर मुख्यधारा में जोड़ा गया है। उन्होंने माताओं और बहनों की सराहना करते हुए कहा कि वे स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर अपने परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं। इस दौरान स्थानीय महिलाओं द्वारा मुख्यमंत्री को दही खिलाने पर उन्होंने इसे "दूध-दही का खाना" की गौरवशाली हरियाणवी परंपरा से जोड़ते हुए युवाओं से नशे की जगह पौष्टिक आहार अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को समय दें और यदि कोई बच्चा गलत संगत में पड़ जाए तो उससे दूरी बनाने के बजाय मित्र बनकर उसे नशे की आदत से बाहर निकालें।

सिरसा के किन्नू को जीआई टैग और किसानों को बधाई

कृषि क्षेत्र का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने सिरसा के किन्नू को जीआई टैग मिलने पर किसानों को बधाई दी और बताया कि किन्नू प्रोसेसिंग प्लांट पर भी तेजी से काम चल रहा है। साथ ही, इस बार हुई बंपर फसल और अच्छे भाव मिलने पर किसानों ने भी हरियाणा सरकार का धन्यवाद व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा दिखाए गए सब्जबाग चुटकुलों में तब्दील हो गए हैं और 5 साल चुटकुले ही चलते रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में नशे को रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया और वहां भय का ऐसा वातावरण है कि यदि कोई मां या व्यक्ति शिकायत करने जाता है तो शिकायत लिखने के बजाय उसी के खिलाफ पर्चा दर्ज हो जाता है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने लिस्ट इसलिए जल्दी जारी की ताकि उनके प्रत्याशी इधर-उधर न हो जाएं या भाग न जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के किसान, युवा, बहनें, व्यापारी और इंडस्ट्री में कमी नहीं है, बल्कि कमी पंजाब सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति और नीयत में है। उन्होंने विश्वास जताया कि पंजाब के लोग चुटकलों, भ्रष्टाचार, नशा फैलाने और झूठे वादे करने वाली सरकार को बाहर का रास्ता दिखाएंगे।

नशे के खिलाफ हरियाणा के युवाओं ने भरी हुंकार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कालांवाली में यूथ मैराथन को दिखाई हरी झंडी

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प हरियाणा की युवा शक्ति को नशे के चंगुल से बचाकर उसे खेल, शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। नशे के सौदागरों के प्रति सरकार की नीति पूरी तरह कठोर है, जबकि नशे की गिरफ्त में आए युवाओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ काम किया जा रहा है। नशे का कारोबार करने वाले या तो यह धंधा छोड़ दें या हरियाणा छोड़ दें, प्रदेश की धरती पर उनके लिए कोई जगह नहीं है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी रविवार को सिरसा जिले के कालांवाली में नशा मुक्ति हरियाणा के संकल्प के साथ आयोजित यूथ मैराथन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने 5 किलोमीटर की दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया। मैराथन में 18 वर्ष से कम, 18 से 45 वर्ष तथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के एक लाख चालीस हजार से ज्यादा ने पंजीकरण करवाया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की एक साथ भागीदारी को सामाजिक एकजुटता और स्वस्थ जीवन शैली का प्रतीक बताते हुए मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों का अभिनंदन किया।

जीवन की मैराथन में अनुशासन, धैर्य और सही दिशा जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैराथन जीवन का भी एक बड़ा सबक सिखाती है। लंबी दौड़ केवल तेज दौड़ने से नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य और सही दिशा बनाए रखने से जीती जाती है। जीवन भी एक मैराथन है और नशे का रास्ता कुछ समय का आकर्षण दिखाकर अंततः इंसान को उसके परिवार, सपनों और भविष्य से दूर कर देता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी नशे के दुष्प्रभावों को समझाते हुए युवाओं को इससे दूर रहने का संदेश दिया है। युवाओं को कुछ समय का नशा नहीं, बल्कि पूरी जिंदगी की उड़ान चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को बर्बाद नहीं करता, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करता है। इससे मां की उम्मीदें टूटती हैं, पिता के सपने बिखरते हैं और परिवार का भविष्य प्रभावित होता है। उन्होंने माता-पिता से अपील की कि वे बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें। उनके व्यवहार में बदलाव दिखाई दे तो डांटने से पहले उनकी बात सुनें। स्कूल और कॉलेज भी पढ़ाई के साथ-साथ चरित्र निर्माण और विद्यार्थियों को सही दिशा देने के केंद्र बनें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की पहचान दूध-दही और जवानों की धरती के साथ-साथ खेल शक्ति के रूप में भी है। प्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वर्ष 2026 के एशियाई खेलों में भारत द्वारा जीते गए 85 पदकों में से 32 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने हासिल किए।

नशामुक्त हरियाणा के लिए सात संकल्पों पर काम कर रही सरकार: मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस या प्रशासन के दम पर नहीं जीती जा सकती, इसके लिए परिवार, स्कूल, अस्पताल और समाज की सामूहिक भागीदारी जरूरी है। प्रदेश को नशामुक्त बनाने और युवा शक्ति को इस बुराई से बचाने के लिए सरकार ने 'संकल्प' सोसायटी का गठन किया है। इसके माध्यम से सात प्रमुख संकल्पों पर काम किया जा रहा है। इनमें ड्रग मुक्त थाना क्षेत्र, तस्कर मुक्त जिला, नशे की गोलियों से मुक्त केमिस्ट शॉप, नशे के विरुद्ध परिवार का सहयोग, इलाज युक्त अस्पताल, सुविधा युक्त स्कूल तथा युवाओं के लिए खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों के बेहतर विकल्प उपलब्ध करवाना शामिल है।



मुलाकात

नई दिल्ली में रविवार को केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल से हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शिष्टाचार भेंट की।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला: हरियाणा में निवेश को बढ़ावा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मनाए गए हरियाणा स्टेट-डे में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मनाए गए हरियाणा स्टेट-डे में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने हरियाणा पवेलियन का भी अवलोकन किया और यहां पहुंचे उद्यमियों, व्यापारियों, निवेशकों, कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। भारत मंडपम के एम्फीथिएटर में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस मेले की थीम "विकास और विरासत" हरियाणा के स्वभाव के अनुरूप है। यह हमारी प्राथमिकता भी है। हरियाणा वेदों-उपनिषदों की रचना-स्थली है, राखीगढ़ी की प्राचीन सभ्यता की धरा है और कुरुक्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग के संदेश की भूमि है। यही भाव इस पवेलियन में दिखता है। एक ओर हरियाणवी चौपाल है, दूसरी ओर एलईडी दीवारें और एआई-एआर सेल्फी बूथ हैं। यहां हरियाणा की माटी की महक भी है और हमारे लोगों के परिश्रम का गौरव भी। उन्होंने कहा कि यहाँ सजा हरियाणा पवेलियन प्रदेश की विरासत, सामर्थ्य और संभावनाओं को देश-दुनिया के सामने रख रहा है। जहां 10 शिल्पकारों एवं स्वयं सहायता समूहों तथा 22 एमएसएमई ने अपने स्टॉल लगाए हैं। उन्होंने आमजन से हरियाणा के उत्पाद खरीदकर शिल्पकारों के हुनर को पहचान दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में निवेश को बढ़ावा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पहली बार बनाया गया एक्सपोर्ट कॉर्नर

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस वर्ष हरियाणा पवेलियन में पहली बार एक्सपोर्ट कॉर्नर स्थापित किया गया है। यह कॉर्नर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक्सपोर्ट बढ़ाने के विजन और राज्य सरकार के संकल्प का जीवंत प्रतीक है। यहां हरियाणा के उद्यमियों के उत्पाद के साथ निर्माता प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नशे के कारोबार से अर्जित की गई 90 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति सीज की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और ऐसे लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया को हिरासत में लिए जाने संबंधी सवाल पर मुख्यमंत्री ने ऐसी खबरों का खंडन करते हुए इसे ड्रामा बताया। उन्होंने कहा कि विधायक को न तो गिरफ्तार किया गया है और न ही हिरासत में लिया गया है। सिरसा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए जारी बजट का विवरण देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि विधायक की मांग पर वर्ष 2024-25 में 94 लाख 92 हजार रुपये, वर्ष 2025-26 में 35 कार्यों के लिए 201 लाख रुपये, वर्ष 2026-27 में 28 कार्यों के लिए एक करोड़ 65 लाख रुपये की राशि दी गई।



भारत मंडपम (नई दिल्ली) में आयोजित हरियाणा राज्य दिवस समारोह में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को स्मृति चिन्ह (पिछवाई पेंटिंग) भेंट करतीं हरियाणा ट्रेड फेयर अथॉरिटी की मुख्य प्रशासक श्रीमती ए. मोना श्रीनिवास।

का विवरण और उत्पाद की उपलब्धता का स्थान भी दिया गया है, ताकि देशी-विदेशी खरीदार बिना बिचौलिए के सीधे उत्पादक से आसानी से संपर्क कर सकें। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारा संकल्प है कि गुरुग्राम, फरीदाबाद और एनसीआर के साथ प्रदेश का हर जिला विकास यात्रा का बराबर का भागीदार बने। गुरुग्राम आईटी और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटरों का केंद्र है, फरीदाबाद इंजीनियरिंग का, मानेसर ऑटोमोबाइल का, पानीपत वस्त्र का, यमुनानगर प्लाईवुड का और अंबाला वैज्ञानिक उपकरणों का। सोनीपत-खरखौदा औद्योगिक विकास को नई गति दे रहे हैं। अप्रैल 2027 में गुरुग्राम में 'हैपनिंग हरियाणा' ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाएगा।

विकसित भारत 2047 के संकल्प को करेंगे पूरा

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा ने इसी महीने अपने गठन के 60 वर्ष पूरे किए हैं। यह हीरक जयंती हमारे किसानों, श्रमिकों, उद्यमियों और उद्योग जगत के परिश्रम को नमन करने का अवसर है। अब इस प्रगति को अगली पीढ़ी के लिए और बड़े अवसरों में बदलना हमारी जिम्मेदारी है। उद्योग जगत स्वच्छ तकनीक, जल संरक्षण और श्रमिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें, और युवाओं के कौशल प्रशिक्षण में भागीदार बनें। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत-2047" के संकल्प में हरियाणा पूरी शक्ति से योगदान देगा।

शिकायतों के समाधान के लिए पॉलिसी में बदलाव का निर्णय : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

कहा, नौकरियों के लिए कैलेंडर जारी करेगी सरकार

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आमजन की शिकायतों के आधार पर प्रदेश स्तर की नीतियों में आवश्यक बदलाव करने का निर्णय लिया गया है, ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। वे रविवार को स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट□ निवारण समिति की मासिक बैठक के उपरांत पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की शिकायतों के समाधान, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। सिरसा में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में कुल 15 शिकायतें रखी गईं, जिनमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि दो शिकायतें अगली बैठक के लिए लंबित रखी गई हैं। मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों में लापरवाही और अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए बताया कि लंबित कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के खि ला फ एफआईआर दर्ज करने, उससे हुए नुकसान की भरपाई करवाने और उसे ब लै क लि स्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा मामले में मिलीभगत और लापरवाही पाए जाने पर एक एक्सईएन, एक जेई और एक एमई को निलंबित करने के आदेश दिए गए हैं, जबकि डीएमसी का एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्यों में लापरवाही और भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



नशा मुक्ति अभियान को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को नशे से बचाने और नशा तस्करों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अलग-अलग जिलों में हर महीने नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नशे की गुप्त शिकायतों के लिए मानस पोर्टल शुरू किया गया है। इसके साथ ही नशे के खिलाफ अभियान को प्रभावी बनाने के लिए संकल्प सोसाइटी और विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री स्वयं सोसाइटी के चेयरमैन हैं, जबकि पूर्व डीजीपी ओपी सिंह को इसका सीईओ बनाया गया है। इस अभियान में एसएचओ, सरपंच, ग्राम सचिव, एनजीओ और केमिस्ट एसोसिएशन के

विकास कार्यों में लापरवाही पर सीएम सख्त

कार्यकारी अभियंता, एमई और जेई को निलंबित करने के निर्देश

अधूरे विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करवाने के निर्देश

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विकास कार्यों में गंभीर अनियमितता और लापरवाही बरतने पर कड़ा रुख अपनाते हुए शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कार्यकारी अभियंता, एमई और जेई को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने, पेनल्टी वसूलने और उसे ब्लैकलिस्ट करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने डीएमसी का एक माह का वेतन काटने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री रविवार को पंचायत भवन, सिरसा में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। बैठक में कुल 15 शिकायतें रखी गईं, जिनमें से 13 का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि दो मामलों में जांच करवाकर अगली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित ठेकेदारों की भी जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों को बिना किसी दबाव के काम करने का अवसर दिया जाता है, इसलिए उनकी जिम्मेदारी है कि वे निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करें। काम अधूरा छोड़ने या गुणवत्ता से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निराश्रित बेटी और योजना के लाभार्थियों को राहत दिलाने के निर्देश: गिगोरानी निवासी एकता ने शिकायत में बताया कि पिता की मृत्यु के बाद उसकी माता ने दूसरी शादी कर ली थी और वह अपनी दादी के साथ रह रही थी। दादी की मृत्यु के बाद पेंशन आना बंद हो गई, जिससे उसके सामने जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है। इस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने बताया कि निराश्रित सहायता के लिए निर्धारित नियमों में संशोधन की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस मामले को विशेष केस के रूप में सरकार के पास भेजा जाए, ताकि नियमानुसार समाधान निकालकर प्रार्थी को सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। चंडीगढ़िया मोहल्ला निवासी कुमार कार्तिकेय ने शिकायत दी कि उसके छोटे भाई और उसकी पत्नी की मृत्यु के बाद दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत पांच लाख रुपये की सहायता राशि बच्चों की फैमिली आईडी में परिवार की मुखिया के रूप में दर्ज नानी के खाते में जमा करवाई गई, लेकिन अब नानी बच्चों को यह राशि देने से इनकार कर रही है।

पैरा एशियन गेम्स में सिल्वर मेडल विजेता सेना के जवान का हुआ स्वागत



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। दमदमा निवासी राजपूत रेजिमेंट में तैनात कपिल खटाना का क्षेत्र में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। कपिल ने गत 22 अक्टूबर को जापान में आयोजित पैरा एशियन गेम्स में 400 मीटर फ्री स्टाइल स्विमिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल हासिल किया था। वहीं प्रदेश सरकार की ओर से सीएम नायब सिंह सैनी ने उन्हें डेढ करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। रविवार को कपिल रिठौज गांव में पहुंचे जहां उनका नोटों की माला पहनाकर रोहताश खटाना समेत अन्य ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। सेना में हवलदार के पद पर तैनात कपिल ने बताया कि उसकी पोस्टिंग दिल्ली में है और पिछले पांच साल से वे पैरा स्विमिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं। रिठौज गांव में ग्राम पंचायत के सरपंच कैप्टन रामबीर, रोहताश खटाना, जोगेंद्र खटाना, सतबीर, सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर ब्रह्मप्रकाश, सुभाष, सतबीर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे व्यक्ति को कुचला, मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। जमालपुर क्षेत्र में पैदल जा रहे व्यक्ति की तेज रफ्तार कार से कुचले जाने पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को अंजाम देकर चालक मौके से कार सहित फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान उसके पास मिले आधार कार्ड से की और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने कार चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रविन्द्र कुमार सिंह निवासी गांव भूमिहारा, जिला छपरा (बिहार) ने बताया कि उसे 20 नवंबर को अपने मामा सर्वजीत कुमार सिंह के एक्सीडेंट होने की सूचना मिली थी। इसके बाद वह मामले की जानकारी लेने जमालपुर चौकी पहुंचा। वहां उसे पता चला कि उसके मामा का अनुपमा होटल के पास सडक़ हादसा हुआ था। शिकायतकर्ता के अनुसार, गांव जटोला निवासी गुलाब ने बताया कि सर्वजीत सडक़ पर अपनी तरफ पैदल चल रहा था। इसी दौरान गुरुग्राम की ओर से तेज रफ्तार में आई एक कार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। जबकि सर्वजीत की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस फरार कार चालक का पता लगाने और हादसे से जुड़े तथ्यों की जांच में जुटी है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मैकेनिक की मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम के सेक्टर-17-18 थाना क्षेत्र में एक गैराज में काम करने वाले बाइक सवार मैकेनिक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पुलिस ने सूचना के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने दुर्घटना को लेकर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर इफको चौक से होते हुए शनिवार रात 33 वर्षीय निशांत गैराज से काम करने के बाद घर जा रहा था। उसी समय अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में अतुल कटारिया चौक के पास टककर मार दी। आसपास के लोगों ने घायल को निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

डेंजर्स ड्राइविंग करने वालों पर पुलिस का शिकंजा, 1,862 चालान काटे

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सडक़ दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गुरुग्राम यातायात पुलिस ने खतरनाक ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है। 1 से 21 नवंबर तक पुलिस ने ऐसे चालकों के 1,862 चालान काटकर 95 लाख 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। यातायात पुलिस के अनुसार, तेज गति, रैश ड्राइविंग और लापरवाही से वाहन चलाना न केवल चालक, बल्कि सडक़ पर चलने वाले अन्य लोगों की जान के लिए भी खतरा बनता है। इसी को देखते हुए विशेष अभियान के तहत नियम तोडऩे वालों पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने वाहन चालकों को चेतावनी दी है कि खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की है कि निर्धारित गति सीमा का पालन करें और सडक़ पर किसी भी तरह का जोखिम न लें।

ट्रैफिक नियम तोडऩे पर एक दिन में 15,986 चालान काटे

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। साइबर सिटी में यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। 21 नवंबर को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने एक ही दिन में 15,986 चालान काटकर कुल 57 लाख 78 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया। पुलिस के अनुसार, सबसे अधिक 3,069 चालान गलत पार्किंग करने वालों के किए गए। वहीं, निर्धारित लेन का उल्लंघन करने पर 1,007 और रॉन्ग साइड वाहन चलाने पर 855 चालान काटे गए। इसके अलावा बिना नंबर प्लेट वाले 154 वाहनों को इंपाउंड किया गया। यातायात पुलिस के अनुसार, गलत पार्किंग से जाम लगता है, जबकि रॉन्ग साइड ड्राइविंग और लेन नियमों की अनदेखी से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित पार्किंग का इस्तेमाल करने, अपनी लेन में चलने और नियमानुसार नंबर प्लेट लगवाने की अपील की है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

अवैध हथियार सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियारों की सप्लाई करने वालों के खिलाफ अपराध शाखा फर्रुखनगर ने कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहित (23) निवासी गांव बांसलंबी, गुरुग्राम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मोहित ने ही पहले गिरफ्तार अमित कुमार को अवैध हथियार उपलब्ध कराया था। पुलिस के मुताबिक, 22 सितंबर को फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने गांव मोकलवास स्थित हंस होटल के पास से अमित कुमार (37) निवासी गांव बांसलंबी को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ था। इस संबंध में थाना बिलासपुर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पूछताछ में अमित ने बताया था कि उसने यह हथियार किसी अन्य व्यक्ति से लिया था। इसके बाद पुलिस ने हथियार सप्लाई करने वाले की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने 21 नवंबर को फर्रुखनगर बस स्टैंड के पास से मोहित को गिरफ्तार कर लिया। अमित कुमार के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी और आर्म्स एक्ट सहित छह मामले पहले से दर्ज हैं। वहीं, मोहित के खिलाफ भी मारपीट और आर्म्स एक्ट सहित तीन मामले दर्ज पाए गए हैं।

30 हजार की रिश्वत लेते एडिशनल एसएचओ रंगे हाथ गिरफ्तार

शिकायत का निपटारा करने और मुकदमा दर्ज न करने की एवज में मांगे थे 2 लाख रुपये, बातचीत के बाद 60 हजार में तय हुआ सौदा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। शिवाजी नगर थाने में तैनात एडिशनल एसएचओ सब इंस्पेक्टर नरपाल सिंह को राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की गुरुग्राम टीम ने 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस अधिकारी ने एक शिकायत का निपटारा करने और शिकायतकर्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं करने की एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता की काफी मिन्नतों के बाद सौदा 60 हजार रुपये में तय हुआ। रविवार को पहली किस्त के रूप में 30 हजार रुपये लेते ही एसीबी टीम ने उसे दबोच लिया। एसीबी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि भूपेंद्र द्वारा उसके खिलाफ शिवाजी नगर थाने में शिकायत दी गई थी। इस मामले में सब इंस्पेक्टर नरपाल सिंह उस पर भूपेंद्र और अरसद दोनों को नाजायज पैसे देने का दबाव बना रहा था। पैसे नहीं देने पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी जा रही थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मामले को रफा-दफा करने के नाम पर सब इंस्पेक्टर ने दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। बातचीत के बाद 60 हजार रुपये में सहमति बनी। शिकायतकर्ता के पास 30 हजार रुपये की ही व्यवस्था होने पर पहली किस्त देने का निर्णय हुआ। शिकायत मिलने के बाद एसीबी गुरुग्राम की टीम ने जाल बिछाया। निर्धारित योजना के तहत जैसे ही नरपाल सिंह ने शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपये की रिश्वत ली, टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी थाने में भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज

एसीबी ने आरोपी सब इंस्पेक्टर नरपाल सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 308(2) के तहत मुकदमा नंबर 50, दिनांक 22 नवंबर 2026 दर्ज किया है। ट्रैप कार्रवाई के दौरान राजपत्रित अधिकारी के रूप में धर्मेंद्र कुमार, एसडीओ, डीएचबीएनवीएल मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की गई। एसीबी मामले की आगामी जांच कर रही है।

शादी के दिन दूल्हा हुआ लापता, मंडप में बैठी रही दुल्हन

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

- -पुश्तैनी जमीन बेचकर बेटी की शादी पर खर्च किए तीस लाख, खुशियों वाले घर में पसरा मातम

गुरुग्राम। फर्रुखनगर क्षेत्र में शादी के दिन दूल्हे के अचानक लापता होने से एक परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। दुल्हन शादी के जोड़े में मंडप में बैठकर बारात का इंतजार करती रही, लेकिन दूल्हा बारात लेकर नहीं पहुंचा। घंटों इंतजार के बाद भी जब कोई सूचना नहीं मिली तो लडक़ी पक्ष की चिंता बढ़ गई। दूल्हे के परिवार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन नहीं उठाए गए। बाद में पता चला कि दूल्हा घर से बिना बताए कहीं चला गया है। सबसे दुखद पहलू यह है कि बेटी की शादी के लिए परिवार ने अपनी पुश्तैनी जमीन तक बेच दी थी और करीब 25 से 30 लाख रुपए खर्च किए थे। मामला फर्रुखनगर के मुबारिकपुर गांव का है। गांव की एक लड़की का रिश्ता कालियावास निवासी नरेश के साथ तय हुआ था। गांव के सरपंच सतबीर सिंह के अनुसार, 18 नवंबर को लगन की रस्म हुई थी और 20 नवंबर को शादी होनी निर्धारित थी। पहले लडक़ी पक्ष पंचायत भवन में शादी करना चाहता था, लेकिन लडक़े पक्ष की सहमति नहीं मिलने पर वाटिका में समारोह आयोजित करने की तैयारी की गई। शादी वाले दिन वाटिका में रिश्तेदारों और ग्रामीणों की भीड़ जुटी हुई थी। शाम करीब 6 बजे कन्यादान की रस्म भी पूरी हो गई, लेकिन रात 9 बजे तक बारात नहीं पहुंची। इसके बाद परिजन सरपंच को साथ लेकर दूल्हे के घर पहुंचे। वहां नरेश नहीं मिला। बताया गया कि उसके परिवार के सदस्य उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाने थाने गए हुए हैं। सरपंच के मुताबिक, बाद में जानकारी मिली कि नरेश घर से बिना बताए चला गया है। उसने अपनी मां के फोन पर संदेश भेजा था कि वह चार-पांच दिन बाद वापस लौटेगा।

पिता की मौत के बाद मां-बेटा मजदूरी कर बरते हैं गुजारा

सरपंच सतबीर सिंह ने बताया कि लडक़ी के पिता का पहले ही निधन हो चुका है। उसका 20 वर्षीय भाई सन्नी मजदूरी करता है, जबकि मां भी मेहनत-मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करती है। बेटी की शादी के लिए परिवार ने अपनी पुश्तैनी जमीन तक बेच दी थी।

हरियाणा प्रदेश है खेलों की खान : केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा प्रदेश खेलों की खान है और यहां के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन, अनुशासन और प्रतिभा के दम पर देश-विदेश में प्रदेश का नाम रोशन किया है। कृष्ण पाल गुर्जर आज फरीदाबाद में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत परिसर में आयोजित पुरुष वर्ग की तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि खिलाड़ियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि भेट कर सम्मानित किया। उन्होंने पांचवे सांसद खेल महोत्सव के समापन की विधिवत रूप से घोषणा की। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने हॉकी, महिला क्रिकेट, क्रिकेट, मुक्केबाजी, कुश्ती, कबड्डी, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रदेश के खिलाड़ियों ने न केवल देश के लिए अनेक पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया है, बल्कि अपनी उपलब्धियों से युवा पीढ़ी को भी खेलों के प्रति प्रेरित किया है। कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से दूर-दराज के गांवों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना साकार हो रहा है। यह लगातार पांचवां सांसद खेल महोत्सव है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि खेल महोत्सव में बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर और प्रोत्साहन दिया जाएगा। इनमें से अच्छे एथलीट और खिलाड़ी आगे चलकर देश और दुनिया में अपने लोकसभा क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में युवाओं को नशे से दूर रखना और खेलों के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना भी शामिल है।

विश्व हिंदू परिषद के हित चिंतक अभियान 2026 का गुरुग्राम से शुभारंभ, बादशाहपुर आर्य समाज मंदिर से हुई शुरुआत

एशियाड गोल्ड मेडलिस्ट एवं विश्व रैंकिंग में नंबर वन ओलंपियन अभिषेक वर्मा बने अभियान के पहले हित चिंतक सदस्य, 6 दिसंबर तक चलेगा अभियान

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। बादशाहपुर स्थित आर्य समाज मंदिर में विश्व हिंदू परिषद के देशव्यापी हित चिंतक अभियान 2026 का शुभारंभ राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अभियान के उद्देश्यों व संगठन की गतिविधियों में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर जोर दिया। कार्यक्रम में एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल विजेता एवं विश्व रैंकिंग में नंबर वन निशानेबाज अभिषेक वर्मा पहले हित चिंतक सदस्य बनाए गए। डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का हित चिंतक अभियान प्रत्येक तीन साल में आयोजित होने वाला महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके माध्यम से हिंदू समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने और उन्हें संगठन के कार्यों से परिचित कराने का प्रयास किया जाता है। इस वर्ष अभियान 22 नवंबर से 6 दिसंबर तक चलेगा। विश्व हिंदू परिषद ने देशभर में एक करोड़ लोगों को हित चिंतक बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि जिला गुरुग्राम में 51 हजार से अधिक लोगों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के तहत कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे। कार्यक्रम में प्रांत मंत्री यशवंत शेखावत, प्रांत सह सेवा प्रमुख अजीत सिंह, शहर धर्माचार्य प्रमुख थानमल शर्मा, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र तंवर, जिला मंत्री प्रवीण हिंदुस्तानी, जिला सह मंत्री गगनदीप चौहान, प्रांत प्रचार-प्रसार प्रमुख अनुराग कुलश्रेष्ठ, बजरंग दल सह संयोजक हर्ष बजरंगी, मानेसर सह मंत्री अमित राठी, पूर्व जिला मंत्री ब्रह्मदत्त वशिष्ठ, पूर्व विभाग महामंत्री रतिराम शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विकास गोयल, शूटिंग इंटरनेशनल कोच ओमेंद्र खटाना, अंशुल तंवर, गौरव एडवोकेट, ध्रुव तंवर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दिल्ली तक जुड़े मिले तार, मुख्य सप्लायर की तलाश में जुटी पुलिस

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में मादक पदार्थों की सप्लाई करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी नशा तस्करी के नेटवर्क से जुड़े हुए थे और दूसरे आरोपियों को हेरोइन व गांजा उपलब्ध कराते थे। पुलिस अब इनके संपर्कों और मुख्य सप्लायरों की पहचान करने में जुटी है। पहले मामले में सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच ने सेक्टर-52ए स्थित शालोम हिल्स पब्लिक स्कूल के पास अंश भाटिया को 1 किलो 112 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। इस संबंध में सेक्टर-53 थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने गांजा सप्लाई करने के आरोप में क्रिस्टोफर जॉन उर्फ सीजे (35) निवासी महिपालपुर, हाल निवासी वसंत कुंज, दक्षिण दिल्ली को 21 नवंबर को गिरफ्तार किया। पूछताछ मंल सामने आया कि उसने अंश भाटिया को गांजा उपलब्ध कराया था और इसके बदले एक लाख रुपये नकद लिए थे।

पुलिस के मुताबिक, दोनों व्हाट्सएप के माध्यम से मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त के लिए संपर्क करते थे। क्रिस्टोफर नकदी प्राप्त करने का काम भी करता था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर



लिया है। पुलिस का उद्देश्य एक लाख रुपये की नकदी बरामद करने के साथ मुख्य सप्लायर दीपक की पहचान कर उसे गिरफ्तार करना है। वहीं फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने मुमताजपुर मोड़, न्यू बाईपास पटौदी के पास सद्दाम हुसैन उर्फ सद्दू (34) निवासी व्यापारी मोहल्ला, पटौदी को 7.02 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सद्दाम ने बताया कि उसने यह हेरोइन गांव बोहड़ा कलां निवासी सचिन (25) से 8 हजार रुपये में खरीदी थी। इसके बाद पुलिस ने सचिन को गांव बोहड़ा कलां स्थित टेम्पो स्टैंड से गिरफ्तार किया। मामले में आगे जांच करते हुए पुलिस ने राजीव चौक स्थित कोर्ट पार्किंग के पास से सचिन को नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने वाले संदीप (29) निवासी बोहड़ा कलां को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, संदीप के खिलाफ गुरुग्राम में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के दो मामले पहले से दर्ज हैं। वहीं सद्दाम के खिलाफ रेवाड़ी में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला दर्ज है। दोनों मामलों में पुलिस आगे की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि नशा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका का भी पता लगाया जा रहा है।

गौसेवा हमारी संस्कृति और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग : रणबीर गंगवा

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि गौमाता की सेवा हमारी संस्कृति, संस्कार और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा सरकार गौवंश संरक्षण और संवर्धन की दिशा में निरंतर ठोस कदम उठा रही है। कैबिनेट मंत्री आज हिसार के गांव नियाणा स्थित श्री शिव गौशाला सेवा समिति के 25वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस पुनीत अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने गौशाला के विकास एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए अपने ऐच्छिक कोष से गौशाला समिति को 11 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, हरियाणा सरकार की ओर से भी श्री शिव गौशाला सेवा समिति को 16 लाख 78 हजार रुपये की चारा अनुदान राशि प्रदान की गई। समारोह के दौरान कैबिनेट मंत्री ने गौ माता का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने गौ सेवा, गौ संरक्षण एवं समाज सेवा के प्रति समर्पित सभी गौ भक्तों और समिति के सदस्यों के सेवाभाव व समर्पण को नमन करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार हर संभव सहयोग कर रही है।

रजवाहे के टूटने से खेतों में भरा पानी, 30 एकड़ फसल जलमग्न; 25 किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

नारायणा में सुबह हुआ हादसा, गेहूं की बिजाई कर रहे किसानों को हुआ नुकसान; सात घंटे बाद जेसीबी के बिना पहुंचे नहरी विभाग के अधिकारी, देर शाम तक चलता रहा बंदा लगाने का काम

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

समालखा। गांव नारायणा में रविवार सुबह रजवाहा टूटने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। रजवाहे का पानी तेजी से खेतों में घुसने के कारण करीब 30 एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो गई। इससे नारायणा और ढोडपुर गांव के 20 से 25 किसानों की गेहूं और गन्ने की फसल प्रभावित हुई। खेतों में पानी भरने से गेहूं की बिजाई का काम भी प्रभावित हो गया। घटना के बाद किसानों ने नहरी विभाग के अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि विभागीय अधिकारी करीब सात घंटे बाद मौके पर पहुंचे। इतना ही नहीं, अधिकारी शुरुआत में बिना जेसीबी मशीन के ही पहुंच गए, जिससे रजवाहे को बंद करने की कार्रवाई में देरी हुई।

किसान बलवान, योगेश और बलबीर ने बताया कि रविवार सुबह वे गेहूं की बिजाई के लिए खेतों में पहुंचे थे। ट्रैक्टर से खेत तैयार करने के साथ बिजाई का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक रजवाहे से तेज बहाव के साथ पानी खेतों की तरफ आने लगा। पानी का बहाव इतना तेज था कि किसानों को अपनी जान बचाने के लिए खेतों से बाहर निकलना पड़ा। कुछ ही देर में



आसपास के खेत पानी से लबालब हो गए। किसानों के अनुसार करीब 25 से 30 एकड़ जमीन में पानी भर



गया, जिससे गेहूं और गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचा है।

किसानों ने बताया कि नारायणा के साथ लगते ढोडपुर गांव की कृषि भूमि भी पानी की चपेट में आई है। खेतों में खड़ी गन्ने की फसल और गेहूं की बिजाई के लिए तैयार किए गए खेतों में पानी भरने से उन्हें आर्थिक नुकसान की चिंता सताने लगी है। किसानों ने विभाग से जल्द पानी निकासी करवाने और खराब हुई फसलों की गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

मोरियां बंद होने से बढ़ा पानी का दबाव : जेई

नहरी विभाग के जेई लोकेश कुमार ने बताया कि रजवाहे के ऊपरी हिस्से में पानी का इस्तेमाल कर रहे कुछ किसानों ने अपनी मोरियां बंद कर दी थीं। इसके चलते पानी का बहाव नीचे की तरफ तेज हो गया और ओवरफ्लो होने से रजवाहा टूट गया। उन्होंने बताया कि मौके पर जेसीबी मशीन मंगवाकर रजवाहे में बंदा लगाने का काम शुरू करवा दिया गया है। उधर, किसानों ने विभागीय अधिकारियों के देरी से पहुंचने पर नाराजगी जताई। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई होती तो पानी से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता था। समाचार लिखे जाने तक रजवाहे में बंदा लगाने और पानी के बहाव को रोकने का काम जारी था।

महर्षि कश्यप के आदर्शों और विचारों से समाज को मिलती है एकता, समरसता और सेवा की प्रेरणा : राव नरबीर सिंह

कैबिनेट मंत्री ने वार्ड-18 में 23 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास तथा उद्घाटन

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने रविवार को बादशाहपुर स्थित कश्यप चौपाल में महर्षि कश्यप की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाएं केवल हमारी आस्था और श्रद्धा का प्रतीक नहीं होतीं, बल्कि उनकी शिक्षाओं, आदर्शों और जीवन मूल्यों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का भी माध्यम होती हैं। महर्षि कश्यप का भारतीय संस्कृति और समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी प्रतिमा की स्थापना से क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना को और मजबूती मिलेगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि महर्षि कश्यप के जीवन और उनके आदर्शों से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके विचार हमें समाज में आपसी सद्भाव, एकता, समरसता और सेवा की भावना को मजबूत करने का संदेश देते हैं। हमें महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम करते हैं। राव नरबीर सिंह ने उपस्थिजन को संबोधित करते हुए कहा कि बादशाहपुर क्षेत्र और हरियाणा की जनता ने जिस विश्वास और विकास की उम्मीद के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सेवा का अवसर दिया है, सरकार उन उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि बादशाहपुर की जनता ने भी जिस विश्वास के साथ उन्हें क्षेत्र की सेवा का दायित्व सौंपा है, उस विश्वास को कायम रखना उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र में विभिन्न विभागों के माध्यम से अनेक विकास कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों को गति देने के साथ गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विकास कार्यों का व्यापक प्रभाव वर्ष 2027 में धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा और बादशाहपुर क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।कार्यक्रम में निगम पार्षद ज्योति सुमित जैलदार ने बताया कि दक्षिण हरियाणा में पहली बार महर्षि कश्यप जी की मूर्ति स्थापित की गई है, जो कश्यप समाज के लिए एक महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि कश्यप समाज का सामाजिक और सांस्कृतिक योगदान हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है।

कैबिनेट मंत्री ने वार्ड-18 में 23 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास एवं उद्घाटन

कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर वार्ड-18 में करीब 23 करोड़ 64 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। मुकेश यादव जैलदार ने विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि इनमें बादशाहपुर गांव की क्षतिग्रस्त एवं जंग लगी पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन को बदलकर नई डीआई पाइपलाइन बिछाना, त्यागीवाड़ा प्रजापति मोहल्ला में फिरनी वाले रास्ते पर आरएमसी-40 सड़क का निर्माण, सीवरेज लाइन एवं जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाना शामिल है। इसके अतिरिक्त आरआर कॉलोनी, रामगढ़ और गांव बादशाहपुर के लिए नहरी पानी के बूस्टर का निर्माण किया जाएगा। वहीं बादशाहपुर तालाब से कबड्डी स्टेडियम तक फुटपाथ, स्ट्रीट लाइटिंग, जल निकासी व्यवस्था सहित सड़क निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य भी किए जाएंगे। इन विकास परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी और सड़क, सीवरेज तथा जल निकासी से जुड़ी सुविधाओं में सुधार होगा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता तिलक राज मल्होत्रा, सत्ये कश्यप प्रधान, अजीत कश्यप, नरेश कश्यप, गणपत कश्यप, पप्पू कश्यप, इंद्रजीत कश्यप, मोनू कश्यप सहित कश्यप समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इसके अलावा जगजीत यादव, धर्म लंबरदार, रोशन मेंबर, गिरवर यादव, होशियार यादव, लक्ष्मण सैनी, कृष्ण सैनी, नरेश निंबल एवं ब्रह्म कांगड़ा सहित आसपास के गांवों की सरदारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

जनगणना-2027 : नागरिक 10 से 24 जनवरी तक घर बैठे ऑनलाइन स्व-गणना कर सकेंगे : डीसी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। जनगणना-2027 के दूसरे चरण के तहत गुरुग्राम जिला सहित प्रदेश भर में नागरिकों को अपनी जनगणना संबंधी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके लिए 10 जनवरी से 24 जनवरी, 2027 तक ऑनलाइन स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया संचालित होगी। नागरिक इस अवधि में घर बैठे आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर अपने परिवार एवं सदस्यों से संबंधित निर्धारित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। डीसी उत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना-2027 को डिजिटल माध्यम से संचालित किया जा रहा है। स्व-गणना इस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध करा सकेंगे। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे निर्धारित अवधि के दौरान इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने परिवार से संबंधित सभी जानकारियां सही एवं सावधानीपूर्वक दर्ज करें।

घर बैठे ऐसे कर सकेंगे स्व-गणना

डीसी ने बताया कि स्व-गणना के लिए नागरिकों को आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर जाना होगा। पोर्टल पर उपलब्ध स्व-गणना सुविधा के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए परिवार एवं सदस्यों से संबंधित जानकारी ऑनलाइन भरनी होगी। सभी आवश्यक विवरण दर्ज करने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जानकारी सबमिट करनी होगी। उन्होंने कहा कि स्व-गणना करते समय नागरिक यह सुनिश्चित करें कि परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी सही तरीके से दर्ज हो। किसी भी प्रकार की गलत या अधूरी जानकारी देने से बचें, ताकि जनगणना के आंकड़ों की शुद्धता बनी रहे।

स्व-गणना के बाद भी घर आएंगे प्रगणक

उत्तम सिंह ने बताया कि ऑनलाइन स्व-गणना करने के बाद भी प्रगणक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार घर-घर पहुंचेंगे और दर्ज की गई जानकारी का सत्यापन करेंगे। मुख्य जनसंख्या गणना अभियान 25 जनवरी से 28 फरवरी, 2027 तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रत्येक आवासीय परिसर तक पहुंचकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जानकारी का मिलान एवं सत्यापन करेंगे। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि ऑनलाइन स्व-गणना पूरी करने के बाद भी प्रगणकों को आवश्यक सहयोग दें और सत्यापन की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

स्व गणना के दौरान 40 सवालों के देने होंगे उत्तर

डीसी ने बताया कि जनगणना के दौरान निर्धारित प्रश्नावली के माध्यम से प्रत्येक परिवार एवं व्यक्ति से संबंधित विभिन्न जानकारियां एकत्रित की जाएंगी। हरियाणा में जारी प्रशिक्षण संबंधी जानकारी के अनुसार प्रश्नावली में कुल 40 प्रश्न शामिल होंगे। इनमें जनसांख्यिकीय, सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक गतिविधियों, भाषा, प्रवास तथा अन्य निर्धारित विषयों से संबंधित विवरण शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों के आधार पर भविष्य में विकास योजनाओं, आधारभूत सुविधाओं, सार्वजनिक सेवाओं और जनकल्याणकारी नीतियों के निर्माण में मदद मिलेगी।

डिजिटल माध्यम से होगी जानकारी की प्रविष्टि एवं निगरानी

डीसी ने बताया कि जनगणना-2027 में डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जाएगा। प्रगणक मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से आंकड़े दर्ज करेंगे, जबकि जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली के माध्यम से कार्य की प्रगति पर नजर रखी जाएगी।

जनसंख्या गणना के बाद 1 से 5 मार्च, 2027 तक पांच दिवसीय पुनरीक्षण कार्य भी आयोजित किया जाएगा।

संगठन की मजबूती के लिए नियमित संवाद आवश्यक : रेणु बाला गुप्ता

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। सेक्टर-13 में शक्ति केंद्र प्रमुखों की ओर से आयोजित टिफिन बैठक में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर संगठन के विभिन्न विषयों, कार्यकर्ताओं की भूमिका और आपसी समन्वय को लेकर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। बैठक में सांगठनिक गतिविधियों पर भी मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता और उनके बीच स्थापित आपसी विश्वास एवं सहयोग की भावना होती है। इस प्रकार की टिफिन बैठकें केवल आपसी मेल-मिलाप का माध्यम नहीं, बल्कि एक-दूसरे के विचारों को समझने, अनुभव साझा करने और संगठनात्मक कार्यों को बेहतर समन्वय के साथ आगे बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि जब कार्यकर्ता आपस में आत्मीयता के साथ जुड़ते हैं तो संगठनात्मक एकजुटता और सामूहिक सहभागिता को नई मजबूती मिलती है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि संगठन की गतिविधियों को प्रभावी बनाने में शक्ति केंद्र प्रमुखों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखना, उनके सुझावों को महत्व देना और आपसी सहयोग से जिम्मेदारियों का निर्वहन करना संगठनात्मक कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं का इस आत्मीय आयोजन के लिए आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर महापौर ने शक्ति केंद्र प्रमुख पुनीत खन्ना एवं उनकी धर्मपत्नी को वैवाहिक जीवन के 18 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने ईश्वर से उनके सुखद, स्वस्थ और मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना करते हुए कहा कि जीवन की यह खूबसूरत यात्रा प्रेम, विश्वास और आपसी समझ के साथ निरंतर आगे बढ़ती रहे।

ये भी रहे उपस्थित

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, शक्ति केंद्र प्रमुख पुनीत खन्ना, मंडल उपाध्यक्ष पायल अरोड़ा एवं आकाशदीप, सीडब्ल्यूसी के पूर्व चेयरमैन उमेश चानना, मंडल महामंत्री विक्रम नंदा सहित अन्य गणमान्यजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने आपसी संवाद और सहभागिता के माध्यम से संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार साझा किए।

विधायक मुकेश शर्मा ने पॉलीक्लीनिक सेक्टर-31 में पल्स पोलियो अभियान के दूसरे चरण का किया शुभारंभ

24 नवंबर तक चलेगा विशेष पल्स पोलियो अभियान, जिले में पांच वर्ष तक की आयु के 3,98,808 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियोरोधी दवा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा ने रविवार को पॉलीक्लीनिक सेक्टर-31 में विशेष राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान (एसएनआईडी) का शुभारंभ किया। यह अभियान 22 से 24 नवंबर 2026 तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत जिले में पांच वर्ष तक की आयु के अनुमानित 3,98,808 बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक बच्चे को पोलियोरोधी दवा पिलाना बेहद जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अभियान के दौरान अपने पांच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं। कोई भी बच्चा पोलियोरोधी दवा पीने से वंचित न रहे, इसके लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। विधायक मुकेश शर्मा ने आमजन से अपील की है कि वे पल्स पोलियो अभियान में सक्रिय सहयोग करें और अपने आसपास रहने वाले परिवारों को भी पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए प्रेरित करें। सामूहिक सहभागिता से ही पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को मजबूती दी जा सकती है। सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र बसवाना ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। जिले में कुल 1,613 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनमें 1,175 बूथों पर चार सदस्यीय तथा 313 बूथों पर दो सदस्यीय टीमें तैनात रहेंगी। इसके अतिरिक्त 155 मोबाइल टीमें और 50 ट्रांजिट टीमें भी गठित की गई हैं, ताकि विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके। सिविल सर्जन ने बताया कि अभियान के संचालन के लिए कुल 5,736 वैक्सीनेटर और 302 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। वहीं, जिले में 501 हाई रिस्क एरिया (एचआरए) साइट्स को भी अभियान के तहत विशेष रूप से कवर किया जाएगा। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉ अनुज गर्ग, अभियान के नोडल अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. जयप्रकाश सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

रोजका मेव थाना क्षेत्र में घर के बाहर पैड़ी पर बैठकर गांजा बेचने वाला तस्कर गिरफ्तार, 1 किलो 323 ग्राम गांजा बरामद

एचएसएनसीबी फरीदाबाद यूनिट की इंडरी गांव में बड़ी कार्रवाई, आरोपी रोजका मेव पुलिस के हवाले

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) यूनिट फरीदाबाद ने नूंह जिले के गांव इंडरी में अपने घर के बाहर बैठकर गांजा बेचने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से काले पिट्ठू बैग में रखा 1 किलो 323 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान विक्रम पुत्र शंकर लाल, निवासी गांव इंडरी, थाना रोजका मेव, जिला नूंह के रूप में हुई है। यूनिट इंचार्ज इन्स्पेक्टर संग्राम सिंह ने बताया कि उनकी टीम थाना रोजका मेव एरिया में नशा-रोधी गश्त पर थी। तभी एक गुप्तचर ने सूचना दी कि गांव इंडरी निवासी विक्रम अवैध रूप से गांजा बेचने का काम करता है और घर के बाहर बैठकर नशा बेचता है। सूचना मिली कि वह उस समय भी हाथ में काले रंग के पिट्ठू बैग में गांजा लिए अपने घर के बाहर किसी को देने के लिए खड़ा है और देर होने पर गांजे को इधर-उधर कर सकता है। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए टीम तुरंत गांव पहुंची, जहां मुखबिर के बताए पते पर गांव में घर के सामने पैड़ी पर एक व्यक्ति बैठा मिला, जिसके हाथ में काले रंग का पिट्ठू बैग था। टीम ने साथी कर्मचारियों की मदद से आरोपी को तुरंत काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम विक्रम पुत्र शंकर, निवासी गांव इंडरी, थाना रोजका मेव, जिला नूंह बताया। पुलिस ने आरोपी को अपना व टीम का परिचय देकर उसके बाएं हाथ में पकड़े काले रंग के पिट्ठू बैग की तलाशी ली। बैग में सफेद रंग की प्लास्टिक थैली के अंदर नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ, जिसकी पुष्टि आरोपी ने भी की। आरोपी गांजे के लिए कोई वैध लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। डिजिटल कांटे से तौलने पर प्लास्टिक थैली सहित गांजे का कुल वजन 1 किलो 323 ग्राम निकला, जो इंटरमीडिएट क्वांटिटी की श्रेणी में आता है। इस संबंध में थाना रोजका मेव, जिला नूंह में एफआईआर संख्या 203, दिनांक 21.11.2026, धारा 20बी(ii)बी-61-85 एनडीपीएस एक्ट* के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में प्रारम्भिक जांच करके एचएसएनसीबी की फरीदाबाद यूनिट ने आरोपी को थाना रोजका मेव के हवाले कर दिया। जहां पुलिस अब आरोपी से गांजे की आपूर्ति के स्रोत तथा इससे जुड़े अन्य लोगों के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है। इन्स्पेक्टर संग्राम सिंह ने आमजन से अपील की है कि नशीले पदार्थों की बिक्री, तस्करी या अवैध कारोबार से जुड़ी किसी भी जानकारी को तुरंत पुलिस या एचएसएनसीबी के संज्ञान में लाएं। सूचना एचएसएनसीबी हेल्पलाइन 90508-91508 या मानस टोल-फ्री हेल्पलाइन 1933 पर दी जा सकती है।

सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल से ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल और सिम बरामद

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। साइबर थाना पुलिस ने साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल के माध्यम से ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए हैं। दोनों के विरुद्ध अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। नूंह पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन के दिशा-निर्देश पर जिले में साइबर अपराध के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है और अलग-अलग टीमें हर दिन कार्रवाई कर रही हैं। इसी अभियान के तहत पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पुनहाना और पिनगवां क्षेत्र में दो युवक अपनी पहचान छुपाकर सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर आमजन से ठगी कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस की टीम ने दोनों के ठिकानों पर दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पहले मामले में आरोपी की पहचान जुनैद पुत्र फैज मोहम्मद निवासी हाजीबास मुंढेता, थाना पिनगवां के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 1 मोबाइल और 1 सिम बरामद की है। दूसरे मामले में आरोपी की पहचान राहिल खान पुत्र इलियास निवासी चंद्राका, थाना सदर पुनहाना के रूप में हुई है। साइबर थाना पुलिस ने उपरोक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध साइबर पोर्टल पर अलग-अलग शिकायतें मिली थीं।

अब यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपियों ने कितने लोगों को ठगी का शिकार बनाया और ठगी की रकम कहां-कहां भेजी गई। साइबर अपराध के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

एसआईआर की समय सीमा बढ़ी, अब 22 दिसंबर को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची: डीसी उत्तम सिंह

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने हरियाणा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची संशोधन की समय-सारिणी में बदलाव किया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2026 निर्धारित की गई है, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 दिसंबर 2026 को किया जाएगा। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, नवीनतम और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की कि वे जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं है अथवा उसके विवरण में कोई त्रुटि है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत 15 दिसंबर 2026 तक अपना दावा या आपत्ति दर्ज करवाए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी नागरिक समय रहते मतदाता सूची में अपना नाम और अन्य विवरण सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और पहली बार मतदाता बनने वाले नागरिकों से भी अपील की कि वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का लाभ उठाएं।

कामधेनु धाम गौशाला कार्टरपुरी में 108 कुण्डीय महायज्ञ की पूर्णाहुति 24 नवम्बर को होगी : पूरन यादव लोहचब

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा



गुरुग्राम। शीतला माता श्राइन बोर्ड़ के पूर्व सदस्य एवं कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी कथावाचक पं. अमर चन्द भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि कामधेनु धाम गौशाला, कार्टरपुरी में देश में सुख-शान्ति, समृद्धि, जनकल्याण एवं विश्व के मंगल की कामना से 108 कुण्डीय वैदिक महायज्ञ का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ में मथुरा-वृन्दावन एवं काशी के विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिदिन विधिवत आहुतियां समर्पित की जा रही हैं। पं. अमर चन्द भारद्वाज ने बताया कि घर में विधिपूर्वक किया गया यज्ञ भी पुण्यदायी है, लेकिन गौशाला में यज्ञ के साथ गौसेवा, गौसंरक्षण एवं जीवमात्र के कल्याण का भाव जुड़ने से इस आयोजन का धार्मिक एवं सामाजिक महत्त्व और भी विशेष हो जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता के तृतीय अध्याय के श्लोक 14 में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं— **यज्ञाद्भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः** अर्थात् यज्ञ से वर्षा होती है और यज्ञ कर्म से उत्पन्न होता है। इसी प्रकार श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 17, श्लोक 11 में भगवान ने शास्त्रविधि के अनुसार निष्काम भाव से किए जाने वाले यज्ञ को सात्त्विक यज्ञ बताया है। कामधेनु धाम गौशाला कार्टर पुरी के अध्यक्ष पूरन यादव लोहचब ने 24 नवम्बर -2026 को प्रातः 10 बजे पूर्णाहुति में सम्मिलित होने का विशेष आह्वान करते हुए कहा कि समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, गौभक्तों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं, मातृशक्ति, युवाओं तथा गुरुग्राम और आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस पावन महायज्ञ की पूर्णाहुति में सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बनें तथा सनातन धर्म, वैदिक संस्कृति एवं गौसेवा के इस पुनीत अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इस मोके पर विशेष रूप से स्वामी प्रभाती लाल (संचालक, संगेल गौशाला), संजीव जी विभाग सह-कार्यवाह आर.एस.एस, अनिल जी सह- संयोजक गौ सेवा गतिविधि प्रमुख हरियाणा प्रांत, रणबीर जी विभाग संयोजक गौ सेवा गतिविधि, डा० इन्दु राव मातृ शक्ति संयोजिका हरियाणा प्रान्त, औ पी गोयल जी परम गौभक्त, राजबीर यादव चेयरमैन बृज रस गौ सेवा समिति , रविन्द्र जी मन्त्री मातृभूमि सेवा संघ,जय कुमार जी , अशोक जी पुरुषोत्तम दास सोनी, बलजीत यादव, हीरालाल, सुभाष सोनी, उदय प्रकाश बालिया, जयदेव,यू ट्यूबर ए. के . छिल्लर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सम्पादकीय



गंगा पर विकास का नया अध्याय

गंगा नदी पर बना कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन पुल अब 'नीतीश सेतु' के नाम से जाना जाएगा। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर इस पुल का नामकरण केवल एक निर्माण परियोजना का नाम देने का फैसला नहीं है, बल्कि यह बिहार के विकास, राजनीतिक विरासत और सार्वजनिक स्मृतियों से जुड़े कई सवाल भी खड़े करता है।

करीब 9.76 किलोमीटर लंबा यह पुल पटना के कच्ची दरगाह को वैशाली जिले के बिदुपुर से जोड़ता है। लगभग 5,500 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना का उद्घाटन 21 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। यह पुल उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन को नई सुविधा देने के साथ पटना और गांधी सेतु पर यातायात का दबाव कम करने में भी सहायक हो सकता है।

इस परियोजना का महत्व केवल इसकी लंबाई और लागत में नहीं, बल्कि इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव में छिपा है। बिहार में गंगा लंबे समय तक भौगोलिक विभाजन का प्रतीक रही है। नदी के दोनों किनारों पर बसे लोगों के लिए आवागमन, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार तक पहुंच कई बार कठिन रही है। ऐसे में नए पुल का निर्माण संपर्क और विकास की संभावनाओं को विस्तार देता है।

नीतीश कुमार के नाम पर पुल का नामकरण उनके राजनीतिक कार्यकाल और इस परियोजना से जुड़े योगदान को सम्मान देने के रूप में देखा जा रहा है। इस परियोजना की आधारशिला 2012 में रखी गई थी और इसके निर्माण की प्रक्रिया उनके मुख्यमंत्री रहते आगे बढ़ी। हालांकि, किसी सार्वजनिक परियोजना का श्रेय किसी एक व्यक्ति तक सीमित करना उचित नहीं होगा। ऐसी बड़ी परियोजनाएं सरकारों, इंजीनियरों, श्रमिकों, वित्तीय संस्थाओं और प्रशासनिक तंत्र के सामूहिक प्रयास का परिणाम होती हैं। वहीं से नामकरण को लेकर बहस भी महत्वपूर्ण हो जाती है। लोकतंत्र में सार्वजनिक संपत्ति और संस्थानों के नामकरण को लेकर पारदर्शी एवं व्यापक सहमति की अपेक्षा स्वाभाविक है। पुल का नाम किसी नेता के नाम पर रखने के पक्ष और विपक्ष में राजनीतिक मत हो सकते हैं, लेकिन आम नागरिक के लिए सबसे बड़ा सवाल यह होना चाहिए कि पुल से उसे कितना लाभ मिल रहा है।

बिहार के विकास का वास्तविक मूल्यांकन केवल बड़े पुलों, सड़कों और भवनों की संख्या से नहीं होगा। यह भी देखना होगा कि इनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कितनी मजबूती मिलती है, किसानों को बाजार तक पहुंच कितनी आसान होती है, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर कितने बढ़ते हैं और आम आदमी का समय तथा यात्रा खर्च कितना बचता है।

नीतीश सेतु को बिहार के बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा सकता है। लेकिन इसकी सार्थकता तभी सिद्ध होगी, जब इसके आसपास की सड़कों, संपर्क मार्गों, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया जाए। रखरखाव और नियमित निगरानी की व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है।

विवाह समारोहों में बढ़ती डीजे संस्कृति

डॉ. प्रियंका सौरभ

विवाह खुशियों का अवसर है, लेकिन खुशियां मनाने का अधिकार किसी दूसरे की शांति छीनने का अधिकार नहीं बन सकता। आज विवाह समारोहों में डीजे, तेज संगीत, भारी ध्वनि वाले स्पीकर और देर रात तक चलने वाले आयोजन सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बनते जा रहे हैं। कई बार संगीत की आवाज इतनी तीव्र होती है कि आसपास के घरों में बातचीत करना, बच्चों को पढ़ाना, बुजुर्गों का आराम करना और बीमार व्यक्तियों का सोना तक कठिन हो जाता है। सवाल यह है कि क्या उत्सव की खुशी दूसरों की परेशानी से बड़ी होनी चाहिए?

भारतीय विवाह परंपरा में संगीत का विशेष स्थान रहा है। लोकगीत, मंगलगीत, ढोलक, शहनाई और पारिवारिक गायन विवाह के आनंद को आत्मीयता प्रदान करते रहे हैं। इन संगीत परंपराओं में सामूहिकता थी, सांस्कृतिक पहचान थी और भावनाओं की सहज अभिव्यक्ति थी। आधुनिकता के साथ डीजे संस्कृति भी विवाह समारोहों का हिस्सा बनी। इसमें कोई बुराई नहीं, लेकिन जब संगीत मनोरंजन से आगे बढ़कर ध्वनि के प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा का माध्यम बन जाए, तब चिंता स्वाभाविक है। अब कई आयोजनों में संगीत की गुणवत्ता से अधिक उसकी आवाज की तीव्रता पर ध्यान दिया जाता है। मानो जितना अधिक शोर, उतना बड़ा आयोजन।

ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव केवल कानों तक सीमित नहीं रहता। अत्यधिक तेज आवाज सुनने की क्षमता को नुकसान पहुंचा सकती है, कानों में लगातार घंटी बजने जैसी समस्या पैदा कर सकती है और मानसिक तनाव, चिड़चिड़ापन तथा नींद में बाधा का कारण बन सकती है। लंबे समय तक तेज ध्वनि के संपर्क में रहने से शरीर की तनाव प्रतिक्रिया प्रभावित होती है और रक्तचाप तथा हृदय संबंधी जोखिमों से भी संबंध पाया गया है। ऐसे वातावरण में पहले से उच्च रक्तचाप, हृदय रोग या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों को परेशानी झेड़ सकती है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी अनावश्यक तेज ध्वनि विशेष रूप से असहज हो सकती है।

सोशल मीडिया पर प्रसारित संदेशों में विवाह समारोहों के दौरान स्पीकर की क्षमता और ध्वनि स्तर सीमित रखने की अपील की जा रही है। यह चिंता महत्वपूर्ण है, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टि से वाट और डेसीबल को एक ही मानना उचित नहीं है। वाट स्पीकर की विद्युत शक्ति बताता है, जबकि डेसीबल वास्तविक ध्वनि स्तर को मापता है। एक ही क्षमता वाले स्पीकर अलग-अलग स्थानों पर अलग ध्वनि तीव्रता पैदा कर सकते हैं।

इसलिए केवल स्पीकर की क्षमता तय करने के बजाय वास्तविक ध्वनि स्तर, आयोजन स्थल, दूरी, समय और आसपास रहने वाले लोगों की स्थिति का ध्यान रखना अधिक आवश्यक है। भारत में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए नियम मौजूद हैं। आवासीय क्षेत्रों में दिन और रात के ध्वनि मानक अलग हैं तथा रात के समय लाउडस्पीकर के उपयोग पर निर्धारित प्रतिबंध लागू होते हैं। सार्वजनिक ध्वनि व्यवस्था के लिए अनुमति और निर्धारित नियमों का पालन जरूरी है। इसके बावजूद अनेक स्थानों पर नियमों की अनदेखी होती है। प्रशासन की जिम्मेदारी केवल शिकायत मिलने पर कार्रवाई करना नहीं, बल्कि पहले से जागरूकता पैदा करना और नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना भी है। डीजे संचालकों को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। वे केवल संगीत बजाने वाले नहीं, बल्कि सार्वजनिक वातावरण को प्रभावित करने वाले जिम्मेदार पेशेवर हैं। ध्वनि का उचित स्तर बनाए रखना, स्पीकर की दिशा निर्धारित करना, अनावश्यक ध्वनि वृद्धि से बचना और समय सीमा का पालन करना उनकी सामाजिक जिम्मेदारी है।

दुनिया कमाल है

कभी-कभी ऐसा लगता है मानो जैसे को दुनिया बड़ी कमाल है कभी सामने वाले को एक व्यक्ति नीचा दिखाता है तो कभी सामने वाले को वही व्यक्ति साथ में हाथ पकड़ कर आगे बढ़ता है मानों जैसे की रिश्ते जैसे महत्व के ही रह गए हैं जो सिर्फ अपने फायदे के ही इस्तेमाल किए जाते है।



करिश्मा गुज्जर (हांसी)

गांव में ही रोजगार मिले तो पलायन क्यों होगा?

आरती/बागेश्वर, उत्तराखंड

किसी गांव से जब एक परिवार रोजगार की तलाश में शहर की ओर जाता है तो उसके साथ केवल एक व्यक्ति नहीं जाता, गांव की अर्थव्यवस्था का एक हिस्सा भी बाहर चला जाता है। धीरे-धीरे खेतों में काम करने वाले हाथ कम होने लगते हैं, घरों पर ताले बढ़ते हैं और गांव में पीछे रह जाते हैं बुजुर्ग, महिलाएं और वे लोग जिनके लिए गांव छोड़ना आसान नहीं है। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में रोजगार की कमी और पलायन का रिश्ता इसी तरह गांवों के सामाजिक जीवन को बदल रहा है। इसलिए पहाड़ में रोजगार का सवाल केवल कमाई का सवाल नहीं है, बल्कि गांवों को आबाद रखने का सवाल भी है।

उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के गरुड़ ब्लॉक स्थित मैखोड़ी स्टेट गांव का उदाहरण इस समस्या को समझने के लिए पर्याप्त है। गांव में खेती और पशुपालन लोगों की आजीविका के पारंपरिक साधन हैं, लेकिन इनसे नियमित और पर्याप्त आय हासिल करना आसान नहीं है। स्थानीय लोगों की शिकायत है कि सरकारी योजनाएं तो हैं, लेकिन उनकी जानकारी समय पर नहीं मिलती। रोजगार के लिए क्या अवसर उपलब्ध हैं, किस योजना के तहत सहायता मिल सकती है और आवेदन कहां करना है, इसकी जानकारी भी हर परिवार तक नहीं पहुंचती। ऐसे में रोजगार की तलाश में गांव से बाहर जाना कई परिवारों के लिए मजबूरी बन जाता है।

मैखोड़ी स्टेट गांव बागेश्वर जिला मुख्यालय से लगभग 64 किलोमीटर और गरुड़ ब्लॉक से करीब 37 किलोमीटर दूर है। गांव की आबादी 1,566 और साक्षरता दर लगभग 65 प्रतिशत बताई जाती है। पहाड़ी भूगोल के कारण यहां खेती की जमीन सीमित और बिखरी हुई है। बाजार तक पहुंच आसान नहीं है और सड़क की खराब स्थिति परिवहन की लागत बढ़ाती है। जब उत्पादन कम हो, बाजार दूर हो और स्थानीय स्तर पर गैर-कृषि रोजगार के अवसर सीमित हों तो गांव की युवा आबादी के सामने बाहर जाने के अलावा विकल्प कम रह जाते हैं। उत्तराखंड में यह समस्या किसी एक गांव तक सीमित नहीं है। ग्रामीण विकास एवं पलायन निवारण आयोग की अगस्त 2025 की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 16,793 जनगणना गांव हैं और 2011 की जनगणना में इनमें से 1,048 गांव गैर-आबाद थे। रिपोर्ट के मुताबिक 2001 से 2011 के बीच राज्य के 195 ग्राम पंचायतों से 5,912 लोगों का स्थायी पलायन दर्ज किया गया। आयोग ने पलायन के कारणों में आजीविका और रोजगार की समस्या को प्रमुख कारणों में रखा है। बागेश्वर जिले में पलायन के कारणों में 35.52 प्रतिशत हिस्सेदारी आजीविका और रोजगार की समस्या की थी। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी सुविधाओं और कृषि उत्पादकता की



पर्वतीय क्षेत्रों के 36 विकास खंडों में ग्रामीण आबादी में कमी दर्ज हुई। आयोग ने ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन को राज्य के लिए बड़ी चुनौती माना है।

बागेश्वर की स्थिति इस समस्या की गंभीरता को और स्पष्ट करती है। ग्रामीण विकास एवं पलायन आयोग की बागेश्वर संबंधी रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में जिले की 346 ग्राम पंचायतों से 23,388 लोगों ने अस्थायी पलायन किया था, जबकि कमी भी महत्वपूर्ण कारण रहे। यह आंकड़ा बताता है कि रोजगार और पलायन को अलग-अलग समस्याओं की तरह देखने की गलती नहीं की जा सकती। जब गांव में काम नहीं होगा तो युवा बाहर जाएंगे।

जब युवा बाहर जाएंगे तो गांव की कृषि, स्थानीय बाजार और सामाजिक गतिविधियां कमजोर होंगी। इसके बाद गांव में बची आबादी के लिए भी रोजगार के अवसर और कम होते जाएंगे। इस तरह पलायन एक ऐसा चक्र बन जाता है जिसमें रोजगार की कमी पलायन को बढ़ाती है और पलायन स्थानीय अर्थव्यवस्था को और कमजोर कर देता है।

देश के स्तर पर भी रोजगार की तस्वीर को केवल बेरोजगारी दर से समझना पर्याप्त नहीं है। PLFS 2023-24 के अनुसार ग्रामीण बेरोजगारी दर 2.5 प्रतिशत थी। लेकिन कम बेरोजगारी दर का अर्थ यह नहीं है कि हर ग्रामीण परिवार को पूरे साल पर्याप्त आय वाला काम मिल रहा है। रोजगार की नियमितता, काम के दिनों की संख्या, मजदूरी, स्वरोजगार की आय और काम की गुणवत्ता को भी देखना जरूरी है। उत्तराखंड के युवाओं के संदर्भ में यह चुनौती और महत्वपूर्ण हो जाती है। रोजगार के लिए युवाओं को केवल पारंपरिक खेती पर निर्भर रखना संभव नहीं है। पहाड़ी गांवों की अर्थव्यवस्था को स्थानीय संसाधनों और आधुनिक बाजार के बीच जोड़ना होगा। बागेश्वर जैसे जिलों में फल-सब्जी उत्पादन, पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय, मधुमक्खी पालन, मसाला, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, होमस्टे और प्रकृति आधारित पर्यटन जैसे क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर विकसित किए जा सकते हैं।

इसके लिए केवल प्रशिक्षण देना पर्याप्त नहीं होगा। प्रशिक्षण के बाद बाजार तक पहुंच, सस्ती पूंजी, उत्पाद की पैकेजिंग, भंडारण, परिवहन और बिक्री की व्यवस्था भी जरूरी है। किसी ग्रामीण महिला को अचार या स्थानीय खाद्य उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण मिल जाए, लेकिन उसे बेचने का बाजार न मिले तो प्रशिक्षण रोजगार में नहीं बदल पाएगा। इसी तरह किसान को बेहतर उत्पादन तकनीक मिल जाए, लेकिन सड़क खराब होने के कारण वह अपनी उपज बाजार तक न पहुंच सके तो उसकी आय सीमित ही रहेगी।

बागेश्वर पर पलायन आयोग की रिपोर्ट भी स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की इसी दिशा की ओर संकेत करती है। रिपोर्ट के अनुसार जिले में सूक्ष्म उद्योगों के माध्यम से रोजगार की पर्याप्त संभावनाएं हैं। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि 2018-19 से सितंबर 2020 तक प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत गरुड़ विकासखंड में कोई लाभार्थी नहीं था। आयोग ने प्रत्येक विकासखंड में स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार सूक्ष्म, लघु और कारीगर इकाइयों को बढ़ावा देने की जरूरत बताई।

बागेश्वर में रोजगार के लिए पर्यटन भी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र हो सकता है। लेकिन इसका अर्थ केवल पर्यटकों को आकर्षित करना नहीं होना चाहिए। स्थानीय परिवारों को भोजन, आवास, गाइड सेवा, स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प और परिवहन जैसी गतिविधियों से आय मिलनी चाहिए। तभी पर्यटन पलायन रोकने का साधन बन सकेगा। पलायन रोकने का अर्थ हर व्यक्ति को किसी भी कीमत पर गांव में रोकना नहीं होना चाहिए। लोगों को शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए बाहर जाने का अधिकार है।

क्वाड : सहयोग का मंच या शक्ति-संतुलन की नई धुरी?

डॉ. प्रियंका 'सौरभ'

हिंद-प्रशांत क्षेत्र आज विश्व राजनीति का ऐसा केंद्र बन चुका है, जहां समुद्री सुरक्षा, व्यापारिक हित, सामरिक प्रतिस्पर्धा और वैश्विक शक्ति-संतुलन एक-दूसरे से जुड़े हैं। चीन की बढ़ती सैन्य सक्रियता, समुद्री विवाद, व्यापारिक निर्भरता और महत्वपूर्ण तकनीकों पर नियंत्रण की होड़ ने इस क्षेत्र को रणनीतिक दृष्टि से संवेदनशील बना दिया है। ऐसे समय में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का चतुर्पक्षीय सहयोग समूह 'क्वाड' भारत की हिंद-प्रशांत रणनीति का महत्वपूर्ण आधार बनकर उभरा है। इसका महत्व केवल चार देशों के आपसी सहयोग तक सीमित नहीं, बल्कि एक ऐसी क्षेत्रीय व्यवस्था के निर्माण से जुड़ा है, जिसमें स्वतंत्रता, नियमों का सम्मान, आर्थिक सुरक्षा और सामूहिक विकास को प्राथमिकता मिले।

भारत की हिंद-प्रशांत नीति का उद्देश्य किसी सैन्य गुट का हिस्सा बनकर शक्ति प्रदर्शन करना नहीं, बल्कि क्षेत्र में संतुलन, स्थिरता और सहयोग बनाए रखना है। क्वाड भारत को अपनी समुद्री, आर्थिक और तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने का अवसर देता है। हिंद महासागर भारत की आर्थिक जीवनरेखा है। देश का व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय संपर्क समुद्री मार्गों पर निर्भर है। मलक्का जलडमरूमध्य, होर्मुज जलडमरूमध्य और हिंद महासागर के प्रमुख व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा भारत के आर्थिक हितों से सीधे जुड़ी है। इन क्षेत्रों में किसी भी तनाव, अवरोध या समुद्री असुरक्षा का प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। क्वाड के माध्यम से समुद्री निगरानी, सूचनाओं के आदान-प्रदान, समुद्री डकैती की रोकथाम और सुरक्षित नौवहन में सहयोग बढ़ाया जा सकता है। क्वाड का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन है। दक्षिण चीन सागर में विवाद, समुद्री सीमाओं को लेकर तनाव और एकतरफा गतिविधियों छोटे देशों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बढ़ाती हैं। भारत ऐसी व्यवस्था का समर्थक है, जिसमें सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार अपने अधिकारों का उपयोग करने की स्वतंत्रता मिले। क्वाड इस दृष्टिकोण को सामूहिक स्वर प्रदान करता है। इसके माध्यम से भारत क्षेत्रीय शांति, समुद्री स्वतंत्रता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की वकालत कर सकता है। यह चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच संतुलन बनाए रखने का अवसर भी है, लेकिन भारत की नीति टकराव के बजाय संयम और कूटनीति पर आधारित रहनी चाहिए।

आर्थिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी क्वाड की भूमिका महत्वपूर्ण है। वैश्विक संकटों, युद्धों और महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कुछ सीमित देशों पर अत्यधिक निर्भर आपूर्ति व्यवस्था अर्थव्यवस्था को कमजोर कर सकती है। औषधियों, अर्धचालकों, दुर्लभ खनिजों, ऊर्जा और तकनीकी उपकरणों की आपूर्ति में विविधता लाना अब अधिक विवशता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता बन गया है। क्वाड के सहयोग से भारत को निवेश, विनिर्माण, नई तकनीकों और वैश्विक व्यापार में अपनी भूमिका बढ़ाने का अवसर मिल सकता है। इससे भारत को केवल बाजार के रूप में नहीं, बल्कि उत्पादन और नवाचार के विश्वसनीय केंद्र के रूप में विकसित होने में सहायता मिलेगी।

तकनीकी सहयोग क्वाड की भविष्यगत शक्ति का प्रमुख आधार है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, दूरसंचार, स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल ढाँचे जैसे क्षेत्रों में साझा प्रयास भारत की क्षमता को बढ़ा सकते हैं। आज साइबर हमले, संचार व्यवस्था में व्यवधान और समुद्र के भीतर बिछी संचार केबलों की सुरक्षा भी राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा है। यदि भारत इन क्षेत्रों में सहयोग के साथ अपनी अनुसंधान क्षमता, तकनीकी आत्मनिर्भरता और घरेलू उद्योग को विकसित करता है, तो यह साझेदारी उसके दीर्घकालीन हितों के लिए लाभकारी होगी।

क्वाड का मानवीय पक्ष भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। वर्ष 2004 की हिंद महासागर सुनामी के बाद आपदा राहत और मानवीय सहायता के क्षेत्र में सहयोग की भावना ने इस समूह की प्रारंभिक पृष्ठभूमि तैयार की थी। आज जलवायु परिवर्तन, चक्रवात, समुद्री दुर्घटनाएँ, महामारी और प्राकृतिक आपदाएँ पूरे क्षेत्र के सामने साझा चुनौतियाँ हैं। राहत सामग्री, चिकित्सा सहायता, बचाव अभियान और आपदा के समय त्वरित समन्वय में क्वाड देशों का सहयोग अनेक जीवन बचा सकता है। भारत अपनी भौगोलिक स्थिति, अनुभव और मानवीय सहायता क्षमता के कारण इस क्षेत्र में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। साथ ही, क्वाड भारत की पूर्व की ओर देखो नीति को मजबूती देकर आसियान देशों के साथ संबंधों को गहरा करने में सहायक है।

फिर भी क्वाड की राह आसान नहीं है। चारों देशों के राष्ट्रीय हित और रणनीतिक प्राथमिकताएँ हमेशा एक जैसी नहीं होतीं। भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और सामरिक स्वायत्तता को सर्वोच्च महत्व देता है। वह किसी एक शक्ति के प्रभाव में अपनी निर्णय क्षमता सीमित नहीं करना चाहता। दूसरी ओर, चीन के प्रति सदस्य देशों के दृष्टिकोण में भी अंतर है। चीन के साथ आर्थिक संबंध, क्षेत्रीय व्यापार और कूटनीतिक आवश्यकताएँ कई देशों को संतुलित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। यही कारण है कि क्वाड के भीतर साझा सहमति बनाना और उसे प्रभावी कार्रवाई में बदलना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

एक अन्य चुनौती यह है कि क्वाड कोई औपचारिक सैन्य गठबंधन नहीं है। इसके निर्णय बाध्यकारी नहीं हैं और सहयोग के लिए स्पष्ट कार्यान्वयन व्यवस्था सीमित है। यदि बैठकें, घोषणाएँ और साझा वक्तव्य ठोस परिणामों में नहीं बदलते, तो इसकी विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। इसके अतिरिक्त, चीन की विरोधात्मक प्रतिक्रिया और क्षेत्रीय देशों की संवेदनशीलताएँ क्वाड के विस्तार तथा प्रभाव को सीमित कर सकती हैं। इसलिए भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि क्वाड किसी टकरावकारी समूह की छवि न बनाए, बल्कि क्षेत्रीय देशों के विकास, सुरक्षा और स्वतंत्र निर्णय क्षमता का सम्मान करे।

भारत के लिए आगे का रास्ता स्पष्ट है। क्वाड को समुद्री सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, तकनीकी सहयोग, आर्थिक सहजेदारी और आपूर्ति व्यवस्था की मजबूती जैसे व्यावहारिक क्षेत्रों में परिणाम देने चाहिए। आसियान की केंद्रीय भूमिका का सम्मान करते हुए छोटे और विकासशील देशों की आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सहयोग का मूल्य केवल शक्ति के प्रदर्शन से नहीं, बल्कि क्षेत्रीय देशों के जीवन में आने वाले सकारात्मक बदलाव से तय होना चाहिए।

क्वाड भारत के लिए अवसर भी है और कूटनीतिक परीक्षा भी। भारत को अपनी समुद्री शक्ति, आर्थिक क्षमता और तकनीकी विकास को मजबूत करते हुए स्वतंत्र विदेश नीति अपनानी होगी। उसकी वास्तविक सफलता किसी गुट के साथ खड़े होने में नहीं, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए क्षेत्रीय शांति और संतुलन स्थापित करने में है। यदि क्वाड सहयोग, विश्वास और साझा विकास का माध्यम बनता है, तो यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता का आधार बन सकता है। भारत की भूमिका इस संतुलन को बनाए रखने वाले देश की होनी चाहिए, न कि किसी प्रतिस्पर्धा का मात्र सहभागी बनने की।

टेलीविजन सूचना, मनोरंजन और जनचेतना के बदलते आयाम

सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

एक समय था, जब टेलीविजन पर समाचार सुनने और देखने के लिए पूरा परिवार एक साथ बैठता था। देश-दुनिया की घटनाओं से लेकर कृषि, शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति और मनोरंजन तक की जानकारी लोगों तक पहुंचाने में टेलीविजन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समय बदला, तकनीक बदली और दर्शकों की पसंद भी बदली, लेकिन जनमानस को प्रभावित करने की टेलीविजन की क्षमता आज भी बनी हुई है। अब आज टेलीविजन केवल घर के बैठक कक्ष तक सीमित नहीं है। स्मार्ट टीवी, इंटरनेट, डिजिटल प्रसारण और ऑनलाइन वीडियो मंचों ने देखने के तौर-तरीकों को बदल दिया है। इसके बावजूद टेलीविजन की मूल जिम्मेदारी वही है, दर्शकों तक विश्वसनीय सूचना पहुंचाना, ज्ञान का विस्तार करना और समाज को अपने समय की चुनौतियों से परिचित कराना।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 17 दिसंबर, 1996 को 21 नवंबर को विश्व टेलीविजन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। यह तिथि संयुक्त राष्ट्र के पहले विश्व टेलीविजन मंच की बैठक से जुड़ी है, जिसका आयोजन 21 और 22 नवंबर, 1996 को हुआ था। इस पहल का उद्देश्य टेलीविजन की संचार क्षमता और विश्व जनमत को प्रभावित करने वाली उसकी भूमिका को रेखांकित करना था। संयुक्त राष्ट्र ने शांति, सुरक्षा, सामाजिक-आर्थिक विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से संबंधित कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया। यह दिवस केवल एक तकनीकी माध्यम का उत्सव नहीं है, बल्कि इस बात पर विचार करने का अवसर है कि जनसंचार के इस प्रभावशाली साधन का उपयोग समाज के हित में किस प्रकार किया जाए।

टेलीविजन के विकास ने समाचारों को शब्दों और तस्वीरों के साथ सीधे दर्शकों तक पहुंचाने का रास्ता खोला। युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं, चुनावों, खेल प्रतियोगिताओं और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय घटनाओं की दृश्य जानकारी ने लोगों की दुनिया को व्यापक बनाया। दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिक भी देश और विदेश की घटनाओं से परिचित होने लगे। भारत में दूरदर्शन ने समाचार, शैक्षिक कार्यक्रम, कृषि संबंधी जानकारी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों को घर-घर तक पहुंचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। बाद में निजी समाचार और मनोरंजन चैनलों के विस्तार ने प्रसारण जगत में प्रतिस्पर्धा बढ़ाई। इससे दर्शकों के सामने विषयों और कार्यक्रमों के अनेक विकल्प आए। टेलीविजन ने लोककला, लोकसंगीत, क्षेत्रीय भाषाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाने की संभावनाएं भी बढ़ाईं। छत्तीसगढ़ जैसे सांस्कृतिक विविधता वाले प्रदेश के लिए यह माध्यम स्थानीय कला, लोकगीत, जनजातीय परंपराओं और जनसमस्याओं को व्यापक पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण साधन बन सकता है।

समाचार चैनलों की जिम्मेदारी केवल सबसे पहले खबर दिखाना नहीं, बल्कि सही और संदर्भ पूर्ण जानकारी देना भी है। किसी घटना की अधूरी जानकारी, अपुष्ट आरोप, भ्रामक शीर्षक या सनसनीखेज प्रस्तुति जनमानस में भ्रम और भय पैदा कर सकती है। आज जब दर्शक कुछ ही क्षणों में अनेक चैनलों और डिजिटल मंचों के बीच पहुंच सकते हैं, तब समाचारों की विश्वसनीयता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। पत्रकारिता का मूल्यांकन केवल दर्शक संख्या, लोकप्रियता या तेज प्रसारण से नहीं, बल्कि तथ्यों की पुष्टि, निष्पक्षता, जनहित और जवाबदेही से होना चाहिए।

टेलीविजन पर बहस का उद्देश्य विचारों को स्पष्ट करना होना चाहिए, न कि शोर-शराबे के माध्यम से किसी को पराजित दिखाना। असहमति लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन व्यक्तिगत आक्षेप, अपमानजनक भाषा और बिना प्रमाण के आरोप स्वस्थ सार्वजनिक संवाद को कमजोर करते हैं।

टेलीविजन मनोरंजन का प्रभावशाली माध्यम है। धारावाहिक, फिल्में, संगीत, खेल और हास्य कार्यक्रम दर्शकों को आनंद प्रदान करते हैं। वहीं शैक्षिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, पर्यावरण जागरूकता और सामाजिक अभियानों से जुड़े प्रसारण जनहित में उपयोगी साबित हो सकते हैं। लेकिन मनोरंजन और दर्शक संख्या की प्रतिस्पर्धा में यदि अशोभनीय सामग्री, हिंसा, अंधविश्वास या भ्रामक धारणाओं को बढ़ावा मिलता है, तो उसके सामाजिक प्रभाव पर विचार करना जरूरी है। बच्चों और किशोरों के लिए आयु-अनुकूल सामग्री, परिवारों के लिए विवेकपूर्ण चयन और प्रसारकों की जिम्मेदार संपादकीय नीति इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। दर्शकों की भी अपनी भूमिका है। उन्हें प्रत्येक प्रसारित सामग्री को बिना सोचे स्वीकार करने के बजाय उसकी सत्यता, उद्देश्य और प्रभाव पर विचार करना चाहिए। मीडिया साक्षरता का अर्थ ही है, सूचना को समझना, उसकी विश्वसनीयता परखना और तथ्य तथा राय के बीच अंतर पहचानना।

इंटरनेट और मोबाइल फोन ने वीडियो सामग्री को किसी भी समय और स्थान पर उपलब्ध करा दिया है। अब दर्शक केवल निर्धारित समय पर प्रसारित कार्यक्रमों पर निर्भर नहीं हैं। वे अपनी पसंद के अनुसार समाचार, फिल्में और अन्य कार्यक्रम देख सकते हैं। यह बदलाव अवसर भी है और चुनौती भी। पारंपरिक प्रसारण तथा डिजिटल मंच एक-दूसरे के पूरक बन सकते हैं, लेकिन तेजी से बदलते माध्यमों के बीच विश्वसनीय पत्रकारिता, मौलिक सामग्री और सार्वजनिक हित को प्राथमिकता देना आवश्यक है। टेलीविजन की सार्थकता तभी बनी रहेगी, जब वह तकनीकी प्रगति के साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को भी मजबूत करेगा। लोकतंत्र में जनसंचार का उद्देश्य केवल दर्शकों का ध्यान आकर्षित करना नहीं, बल्कि उन्हें जागरूक, विवेकशील और सूचित नागरिक बनने में सहायता देना है।

विश्व टेलीविजन दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हमारी स्क्रीन से समाज को क्या मिल रहा है, ज्ञान या भ्रम, संवाद या विवाद, संवेदना या सनसनी? टेलीविजन में जनमत को दिशा देने, सामाजिक समस्याओं को सामने लाने और सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा देने की क्षमता है। इस क्षमता का उपयोग जिम्मेदारी के साथ होना चाहिए। आइए, प्रसारक सत्यनिष्ठा को, पत्रकार जनहित को और दर्शक विवेकपूर्ण चयन को प्राथमिकता दें। क्योंकि प्रभावशाली संचार वही है, जो केवल आंखों तक न पहुंचे, बल्कि मन को संवेदनशील और विचारों को जागरूक भी बनाए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

पात्र मतदाताओं के नाम काटना लोकतंत्र पर प्रहार : कमल दिवान

ककरोई रोड स्थित पार्षद कार्यालय पर कांग्रेस के चौपाल कार्यक्रम में एसआइआर प्रक्रिया पर हुई विस्तृत चर्चा

ओपन सर्च/मनदीप कुमार



सोनीपत। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से ककरोई रोड स्थित वार्ड नंबर 19 के पार्षद राजेश मलिक के कार्यालय पर चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्षद राजेश मलिक के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने की। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, आमजन की समस्याओं के समाधान और विशेष रूप से एसआइआर प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से गलत तरीके से काटे गए मतों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। चौपाल कार्यक्रम में कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष और पारदर्शी मतदाता सूची पर निर्भर करती है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि एसआइआर प्रक्रिया के तहत बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम गलत तरीके से मतदाता सूची से काट दिए गए हैं, जो नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का सीधा हनन है। कमल दिवान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से गलत तरीके से नहीं कटना चाहिए और प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान के अधिकार को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। कमल दिवान ने उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची को लेकर पूरी तरह जागरूक और सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता प्रभावित मतदाताओं के बीच जाएं, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनें और गलत तरीके से काटे गए नामों को दोबारा जुड़वाने के लिए प्रशासन के समक्ष इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस हर स्तर पर आवाज बुलंद करेगी। शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि मताधिकार की रक्षा के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) और राहुल गांधी के नेतृत्व में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान चलाया जा रहा है। हरियाणा की 23 विधानसभाओं में शाम 5 बजे के बाद के मतदान रिकॉर्ड उपलब्ध न होने का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कटे हुए मतों का विवरण दर्ज करने के लिए 'वोट रक्षक' वेबसाइट शुरू की है। इस पोर्टल पर प्रभावित मतदाताओं का एपिक (EPIC) नंबर तथा उनकी सहमति से वीडियो व जानकारी अपलोड की जा सकती है। संजीव दहिया ने बताया कि स्थानीय स्तर पर डीसी और एसडीएम कार्यालय के माध्यम से नाम जुड़वाने के प्रयास किए जाएंगे, जबकि लंबित मामलों का देशव्यापी डेटा एकत्र कर एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी नेतृत्व द्वारा चुनाव आयोग के समक्ष रखा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने 26 तारीख को पंचकूला में प्रस्तावित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च की जानकारी देते हुए वार्डवासियों से 27 तारीख की समय-सीमा से पहले जागरूक होकर कटे हुए नामों को ठीक करवाने की अपील की। इस दौरान शहरी जिलाध्यक्ष ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता आमजन की बुनियादी समस्याओं को सुनें और उनके समाधान के लिए निरंतर सक्रिय रहें। साथ ही, कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान वार्ड 19 के पार्षद राजेश मलिक ने पहुंचे सभी वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। चौपाल में ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजीव दहिया, पार्षद संजय बड़वासनी, ब्लॉक अध्यक्ष एमसी-1 दीपक चावला, ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण पुनीत राणा, महासचिव दयानंद वाल्मीकि, ऋतुराज, लीलू प्रधान ककरोई सहित अनेक कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तरावड़ी शहर में विकास कार्यों को मिली गति, 1 करोड़ 11 लाख 5 हजार रुपये के कार्यों का हुआ शिलान्यास



ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

तरावड़ी। शहर में विकास कार्यों को गति देते हुए नगरपालिका प्रशासन की ओर से करीब 1 करोड़ 11 लाख 5 हजार रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इन कार्यों के पूरा होने से शहर के अलग-अलग वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी और लोगों को राहत मिलेगी। इन विकास कार्यों के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में सड़कों, नालियों और पुलियों की मरम्मत, मैस्टिक एस्फाल्ट की परत बिछाने, इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक लगाने सहित अन्य आवश्यक कार्य करवाए जाएंगे। इन सभी कार्यों की अनुमानित लागत 111.05 लाख रुपये यानी 1 करोड़ 11 लाख 5 हजार रुपये निर्धारित की गई है। इस अवसर पर नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी के सुपुत्र साहिल कबीरपंथी विशेष रूप से मौके पर पहुंचे। उन्होंने बुजुर्गों के हाथों नारियल फुड़वाकर विकास कार्यों का शुभारंभ करवाया। कार्यक्रम में नगरपालिका तरावड़ी के चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, मार्केट कमेटी के चेयरमैन रणदीप चौधरी, वाइस चेयरमैन राजीव नारंग, नरेश अरोड़ा, पार्षद कमल जांगड़ा, पार्षद देसराज, पार्षद प्रतिनिधि अशोक, पार्षद सुरेंद्र खुराना, पार्षद नरेश गाबा, पार्षद प्रतिनिधि लखविंद्र ढिल्लो, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, मंडल अध्यक्ष रणजीत भारद्वाज, शिवम बंसल, उमेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, कार्यकर्ता और निंका सिंह डेरे के स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

सनपेड़ा में 21 लाख से बनेगी आधुनिक ई-लाइब्रेरी, विधायक देवेंद्र कादियान ने किया शिलान्यास

ओपन सर्च / मनदीप कुमार



गन्नौर। गांव सनपेड़ा के विद्यार्थियों को जल्द ही पढ़ाई के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त ई-लाइब्रेरी की सौगात मिलेगी। गांव में पंचायत भवन के साथ करीब 21 लाख रुपये की लागत से ई-लाइब्रेरी भवन का निर्माण किया जाएगा। रविवार को हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच प्रमोद ढाका के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि ई-लाइब्रेरी गांव के छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा का नया केंद्र बनेगी। विशेषकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को शांत और बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलेगा। उनका प्रयास है कि गन्नौर क्षेत्र के लगभग हर गांव में ई-लाइब्रेरी स्थापित हो, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी शहरों जैसी शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य गन्नौर क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करवाना है। इसी दिशा में मेधावी विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष सम्मानित करने की योजना शुरू की गई है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियां भी देवा एकेडमी में निशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं।

सरपंच प्रमोद ढाका ने कहा कि गांव की छात्रा प्रियांशी ने दसवीं कक्षा में जिले में प्रथम स्थान हासिल कर गांव का नाम रोशन किया था। ई-लाइब्रेरी बनने से गांव के विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर स्थान मिलेगा। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में समय-समय पर शिक्षा विशेषज्ञों और विद्वानों को आमंत्रित किया जाएगा, जो विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे और उन्हें भविष्य की दिशा तय करने में मदद करेंगे। इस मौके पर मेहर सिंह, सुरेश, बलजीत, राजपाल, जयदीप, सोनू, अरविंद, राजेंद्र सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

नीलोखेड़ी में सड़क किनारे अतिक्रमण का बोलबाला, नगरपालिका प्रशासन मौन

सचिव के नोटिस में देने के बावजूद नहीं लिया गया संज्ञान, जगह-जगह लगे गंदगी के ढेरों से लोग परेशान

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



नीलोखेड़ी। शहर में सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण ने आमजन की परेशानियां बढ़ा दी हैं। नगर के विभिन्न मार्गों और बाजारों में लोगों द्वारा सड़क किनारे निर्माण सामग्री, पत्थर, टाइलें, प्लास्टिक के पाइप और अन्य सामान रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है। इसके चलते न केवल राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है, बल्कि सफाई व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर नगरपालिका सचिव के संज्ञान में मामला लाया जा चुका है, लेकिन शिकायत के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई होती दिखाई नहीं दे रही। अतिक्रमण के कारण सफाई कर्मचारियों को सड़क किनारे सफाई करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं और स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क किनारे किए जा रहे अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो समस्या और गंभीर हो सकती है। अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी हो रही हैं, जिससे वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। नगरवासियों ने नगरपालिका प्रशासन से मांग की है कि शहर में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाए, सड़कों के किनारे रखी निर्माण सामग्री व अन्य सामान हटवाया जाए तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह होगा कि शिकायत के बाद नगरपालिका प्रशासन इस समस्या पर कब संज्ञान लेता है और शहरवासियों को अतिक्रमण व गंदगी से कब राहत मिलती है।

श्रीमती गुरविंदर कौर चावला को मिली नई जिम्मेदारी, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने बनाया तरनतारन का ऑब्जर्वर

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। करनाल जिला महिला कांग्रेस, करनाल अर्बन-2 की अध्यक्षा श्रीमती गुरविंदर कौर चावला को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की ओर से एक महत्वपूर्ण नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार उन्हें पंजाब के तरनतारन जिले का ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। करनाल जिला, करनाल अर्बन-2 की अध्यक्षा श्रीमती गुरविंदर कौर चावला की इस नियुक्ति को संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, मेहनत और समर्पण को मिली एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के रूप में देखा जा रहा है। नियुक्ति पत्र के अनुसार सभी नियुक्त ऑब्जर्वरों को पंजाब प्रदेश महिला कांग्रेस के नेतृत्व के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी बनाने तथा अपने-अपने जिलों में चुनाव संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इस नई जिम्मेदारी पर श्रीमती गुरविंदर कौर चावला ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा एवं हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती पर्ल चौधरी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ इस जिम्मेदारी को निभाएंगी।

उनका प्रयास रहेगा कि पंजाब के तरनतारन जिले में महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत किया जाए और अधिक से अधिक महिलाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़कर संगठन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाए। श्रीमती गुरविंदर कौर चावला ने कहा कि संगठन की मजबूती, महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नन्हे वैज्ञानिकों ने लगाई मॉडलों की प्रदर्शनी

इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना.... डी ई ओ रोहताश वर्मा

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। एस डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड़ में एससीईआरटी गुरूग्राम के दिशानिर्देश अनुसार शिक्षा विभाग करनाल द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा के नेतृत्व में जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी दीपक वर्मा ने बताया कि इस जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी की 7 विधाओं हरित ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण,अच्छे जीवन के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, गणितीय मॉडल, स्वास्थ्य सफाई और स्वच्छता,पुरातन कृषि पद्धतियां, ग्रामीण सुधार के लिए विज्ञान, आपदा प्रबंधन विषय में कक्षा 9 से 12 में जिन विद्यार्थियों ने खंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया उन्ही राजकीय विद्यालयों के कुल 147 मॉडल और विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय विज्ञान बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी प्रतियोगिता में भाग लिया है। डीईओ रोहताश वर्मा, जजों एवं एससीईआरटी गुरूग्राम की साइंस विंग की हेड डॉ पूनम यादव, डॉ ज्योति द्वारा नन्हें वैज्ञानिको द्वारा लगाए गए मॉडलों को अवलोकन किया। डीईओ रोहताश वर्मा ने विद्यार्थियों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना है।

इन्हीं मॉडल प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थी अपनी वैज्ञानिक बनने के सपनो की उड़ान भरते हैं। और उन्होंने कहा कि इन्हीं प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा होता है बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा उभरकर सामने आती है। एससीईआरटी से डॉ पूनम यादव एवं डॉ ज्योति ने कहा कि बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार, रचनात्मकता और अनुसंधान की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और नए विचारों को व्यावहारिक रूप देने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि आज का विद्यार्थी ही भविष्य का वैज्ञानिक, इंजीनियर और अनुसंधानकर्ता है।

परिणाम इस प्रकार रहे.....

हरित ऊर्जा में शेखपुरा सोहाना का अरमान खान, ए आई में निसिंग मॉडल संस्कृति स्कूल की रावी, प्राकतिक आपदा प्रबंधन में निसिंग मॉडल स्कूल के गगन ने, खेती बाड़ी की नई तकनीक में चिढ़ाओ की रचना ने, गणितीय मॉडल में रंबा की मानवी ने, ग्रामीण सुधार में विज्ञान के लिए में निसिंग मॉडल स्कूल की कशिश कुमारी ने प्रथम, स्वास्थ्य और स्वछता में निसिंग की वांशिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डीईओ रोहताश वर्मा, डिप्टी डीईओ राजेंद्र सांगवान, डॉ पूनम यादव, डॉ ज्योति,जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा, जिला गणित विशेषज्ञ सुमित मान, , डॉ सचिन,एपीसी पवन,मीडिया समन्वयक दलीप सिंह, विपिन शर्मा,प्रिंसिपल रामकुमार महला, रेणु गुप्ता, शिक्षक हरीश ग्रोवर, , हरदीप,संदीप, मीनाक्षी , सरिता , शिखा,अंजू लाठर, , विक्रम हांडा, डॉ पवन कुमार, मीना,विदुर,सलजा, पूजा , आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

वन विभाग के 831 पदों के लिए पीएसटी 23 नवंबर से, 16,424 अभ्यर्थी होंगे शामिल

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा डिप्टी रेंजर, फॉरेस्टर एवं फॉरेस्ट गार्ड पदों के लिए पीएसटी का आयोजन 23 से 30 नवंबर 2026 तक करनाल में किया जाएगा। इन पदों के लिए पीएमटी में सफल कुल 16,424 अभ्यर्थी पीएसटी में शामिल होंगे, जिनमें 12,404 पुरुष और 4,020 महिला अभ्यर्थी हैं। आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने आज पीएसटी स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान जिला उपायुक्त एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएसटी के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। करनाल के उपायुक्त आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से पीएसटी के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए यातायात प्रबंधन और सुरक्षा लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन आयोग के साथ समन्वय स्थापित कर आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएसटी का आयोजन 23 नवंबर से 30 नवंबर तक आउटर रिंग रोड, गांव दादूपुर खुर्द, विवान होटल के नजदीक, NH-44, करनाल में होगा। पुरुष अभ्यर्थियों को 25 किलोमीटर की दौड़ 4 घंटे में तथा महिला अभ्यर्थियों को 14 किलोमीटर की दौड़ 4 घंटे में पूरी करनी होगी। आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने बताया कि पीएसटी स्थल पर अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए सबसे पहले वेटिंग एरिया बनाया गया है। इसके अलावा बैग रखने के लिए नि:शुल्क बैगेज काउंटर, बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद बिब नंबर तथा रजिस्ट्रेशन के बाद ट्रैकिंग चिप देने की व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थियों को स्टार्टिंग पॉइंट से दौड़ शुरू करनी होगी, 12.5 किलोमीटर के पीएसटी ट्रैक पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यू-टर्न लेकर दौड़ पूरी करनी होगी। अंतिम छोर पर एलईडी स्क्रीन लगाई गई है, जिस पर अभ्यर्थी अपनी दौड़ पूरी करने का समय देख सकेंगे। उन्होंने बताया कि एक से अधिक पदों के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को पीएसटी में केवल एक बार भाग लेना होगा। प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग दौड़ लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। पीएसटी प्रक्रिया पूरी होने तक एक मेडिकल बोर्ड का भी गठन किया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को चिकित्सा आधार पर छूट प्राप्त करनी है तो इसके लिए आयोग कार्यालय, पंचकूला में रिप्रेजेंटेशन देना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी अपने साथ मेडिकल एवं अन्य संबंधित दस्तावेज अवश्य लेकर आएं। उन्होंने बताया कि पीएसटी में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को हरियाणा रोडवेज बसों में नि:शुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी। करनाल बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन से भी मुफ्त बस सेवा मिलेगी।

बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उद्घोष से गूंजी करनाल कर्ण नगरी

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। अदि गुरू जगत गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर आज नगर कीर्तन निकला। समूची कर्ण नगरी बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उद्घोष से गूंज उठी। मिटी धुंध जग चानन होया। देश और समाज में अंधकार रूपी अज्ञान छटने लगा जब गुरु नानक देव जी प्रकट हुए। गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व से दो दिन पहले गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी द्वारा डेरा कारसेवा के प्रमुख तथ पंथ प्रचारक जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में नगरकीर्तन निक ला। पहली अरदास डेरा कारसेवा गुरुद्वारे में सुबह हुई। उसके बाद नगरकीर्तन निकला। उसके बाद पहली पातशाही गुरुद्वारा मंजी साहेब से नगरकीर्तन को पूर्णता प्रदान की गई। नगरकीर्तन का जगह जगह स्वागत किया गया। पालकी साहेब में गुरुग्रंथ साहेब लोगों की आस्था का केंद्र बने हुए थे। आगे पंच प्यारे सिख धर्म की परंपरा को आगे बढ़ा रहे थे। नगरकीतर्न में महिलाएं गुरुग्रंथ साहेब के रास्ते में पुष्प अर्पित करते चल रही थीं। आगे मार्ग साफ किया जा रहा था। लोगों के जति शबद गायन करते चल रहे थे। नगरकीर्तन में इसके अलावा सिख पंथ के विद्वतजनों भी सम्मनित किया गया। नगरकीर्तन में गुरु की अरदास के लिए भाजपा अल्प संख्यक मोर्चे के जिलध्यक्ष देवेंद्र मोहन सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने गुरु के आगे प्रार्थना की। गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान बरिंदर सिंह, महासचिव जतथेदार इंद्रपाल सिंह, महासचिव हरप्रीत सिंह नरूला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरपाल सिंह डोनी, हरमीत सिंह हैप्पी ,एपीएस चौपडा ने भाग लिया। नगरकीर्तन का स्वागत मेयर रेनूवाला गुप्ता द्वारा स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में अखाड़े के सदस्यों द्वारा गतका का प्रदर्शन किया। सुबह गुरुद्वारा डेरा कारसेवा से शुरू होकर नगरकीर्तन गुरुद्वारा मंजी साहेब, पातशाही पहली से शुरू होकर कर्ण गेट, कमेटी चौक, दावत होटल, अस्पताल चौक, कुजंपुरा रोड, सब्जी मंडी से होते हुए गुरुद्वारा डेरा कारसेवा पर जाकर संपन्न हुआ। नगरकीर्तन में गुरु साहेब की पालकी आस्था का केंद्र रही। इसमें दशमेश अखाड़ा, तथा बीर खालसा दल गतका पार्टी के सदस्यों ने जोहर दिखाए। नगरकीर्तन का जगह जगह स्वागत किया गया। जगह जगह लंगर प्रसाद के स्टाल लगाए गए। खुराना ज्यूलर्स ने कुजंपुरा रोड तथा सराफा बाजार ए वन स्वीट्स अस्पताल चौक, सब्जी मंडी चौक, कुंजपुरा रोड, अस्पताल लैन में गुरुनानक अस्पताल के सामने सहित तमाम स्थानों पर स्टाल लगाए गए। यहां लगर प्रसाद बितरित किया गया।

प्रकाशपर्व के उपलक्ष्य में 24 को होगा गुरमति समागम

गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह तथा महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि गुरमति समागम 24 नवंवर को गुरुद्वारा उेरा कारसेवा मेसुबह नौ बजे से मनाया जाएगा। इ अवसर पर रागी, ढाडी एवं प्रचारक जत्थे पहुँच रहे हैं। इनमें भाई बलविन्द्र सिंह लाडी जी (हजूरी रागी, श्री दरबार साहिब, श्री अमृतसर साहिब) भाई गुरप्रीत सिंह (हजूरी रागी, गुरुद्वारा श्री पौंटा साहिब) भाई पलविन्द्र सिंह जी (हजूरी रागी, गु: शीश गंज साहिब पा: नौवीं, तरावड़ी) कीर्तन भाई गुलाब सिंह जी, गु: शहीद बाबा दीप सिंह जी, सैक्टर 32, करनाल भाई अमृतपाल सिंह जी (हैंड ग्रंथी, गुरुद्वारा मंजी साहिब पा: पहली, करनाल) भाई बलविन्द्र सिंह जी (हजूरी रागी, गुरुद्वारा मंजी साहिब पा: पहली, करनाल) भाई गुरसेवक सिंह जी (हजूरी रागी गु: श्री गुरु सिंह सभा, माडल टाऊन, करनाल) इस अवसर पर विद्यार्थी गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल, करनाल दरबार हाल एवं रहरासि साहिब के पाठ की सेवा भाई मंजूर सिंह जी करेंगे। (स्टेज सैक्ट्री की सेवा भाई दर्शन सिंह जी । इस अवसर पर अटूट लंगर बरता जाएगा।

भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, श्रद्धालुओं ने लिया धर्म लाभ

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। करनाल के सेक्टर-12 स्थित हुड्डा ग्राउंड में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा का आयोजन गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री सतीश गुप्ता (वाइस चेयरमैन, हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड एवं एमडी, जय श्री राम एग्रो प्राइवेट लिमिटेड) की ओर से अपने माता-पिता लाला मनीराम एवं प्रेमवती की स्मृति में करवाया जा रहा है। 22 से 28 नवंबर तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। रविवार को निकाली गई भव्य कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्तिभाव के साथ भाग लिया। इसके पश्चात सतीश गुप्ता एवं उनके परिवार के सदस्यों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना की और कथा का शुभारंभ करवाया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विश्वविख्यात आचार्य श्री मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज, श्रीधाम वृंदावन वालों ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करवाया। कथा के प्रथम दिन उन्होंने श्रीमद्भागवत के महत्व और उसकी आध्यात्मिक महिमा से श्रद्धालुओं को अवगत कराया। उनके मुखारविंद से कथा श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। श्री मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के जीवन में भक्ति, आध्यात्मिक चेतना और सकारात्मक विचारों का संचार होता है। कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, उनके उपदेशों और जीवन मूल्यों को समझने का अवसर मिलता है। यह मनुष्य को सत्य, प्रेम, करुणा, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। नियमित रूप से कथा श्रवण करने से मन को शांति मिलती है और जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना करने के लिए धैर्य एवं आत्मविश्वास प्राप्त होता है। श्रीमद्भागवत कथा हमें अहंकार, मोह और नकारात्मक विचारों से दूर रहकर ईश्वर के प्रति श्रद्धा एवं समर्पण भाव रखने का संदेश देती है। आयोजकों ने बताया कि 28 नवंबर तक प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राजकुमार सिंगला, पवन कुमार सिंगला, सोहन लाल सिंगला, रतन लाल सिंगला और विनोद कुमार सिंगला ने शहरवासियों तथा आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण जीवन में आध्यात्मिक चेतना, भक्ति और सकारात्मक विचारों का संचार करता है। सभी श्रद्धालु कथा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रबी फसल का पंजीकरण जरूरी : चेयरमैन दयाराम लोहिया



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया ने सोहना विधानसभा क्षेत्र के किसानों से आहवान किया कि वे अपनी रबी की फसलों का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर करवाए ताकि कृषि उत्पादों को मंडियों में बेचने तथा कृषि योजनाओं का लाभ सही ढंग से उठाया जा सके। उन्होंने बताया कि किसान अपना पंजीकरण फसल डॉट हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर करवाना सुनिश्चित करे। स्थानीय मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार की ओर से किसान हित में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा मोबाइल एप्लीकेशन भी लांच की गई है। इस एप्लीकेशन की सहायता से किसान घर बैठे अपनी पूरी फसल का पंजीकरण कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जो किसान एंड्रायड मोबाईल का प्रयोग करते है, ऐसे सभी किसानों के मोबाइल में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल की ऐप डाउनलोड करवाई जा रही है, जिससे किसान फसलों का ब्यौरा स्वयं भी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। स्थानीय मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया ने बताया कि किसान अपने परिवार पहचान पत्र या आधार संख्या से जुड़े पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होने के बाद ही फसल पंजीकरण होगा। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र या आधार संख्या से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर सही काम नहीं कर रहा है तो अपने किसी भी नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर अपना सही मोबाइल नंबर दर्ज करवाएं ताकि ओटीपी आने और फसल पंजीकरण में किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना आए।

गंगास्नान के उपलक्ष्य में व्यापारी समाज 24 को करेगा विशाल भंडारा : टेकचंद सिंगला

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर गंगास्नान पर्व के उपलक्ष्य में बड़ा बाजार क्षेत्र का व्यापारी समाज 24 नवंबर को बड़ा बाजार में आपस में परस्पर सहयोग से इकटठा की गई धनराशि से विशाल भंडारे का आयोजन करेगा। यहां पर रविवार को उपरोक्त जानकारी देते हुए समाजसेवी टेकचंद सिंगला, गोपालमणि जैन, प्रीतम जैन सर्राफ, राममणि जैन, ठाकुर कृपाल सिंह, पवन सिंगला, युवराज सिंह, चिंटू, यश सिंगला, राजू पठान, नरेन्द्र जैन, अशोक वर्मा, ललित, चंद्रमणि जैन, मनमोहन जैन, मयंक जैन, युवा समाजसेवी सार्थक जैन, संकेत जैन आदि ने बताया कि बड़ा बाजार क्षेत्र का व्यापारी समाज गंगास्नान के उपलक्ष्य में आपसी सहयोग से भंडारा चलाता है। इस दिन यहां पर ऐतिहासिक व धार्मिक स्थान गर्मचश्मा श्रीशिवकुंड पर गंगास्नान पर्व के उपलक्ष्य में विशाल मेला भरता है।

विट इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थी गीता महोत्सव में लेंगे हिस्सा : शिक्षाविद नरेन्द्र बोकन



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन ने बताया कि धर्मनगरी कुरूक्षेत्र में 5 दिसम्बर से शुरू होकर 25 दिसम्बर तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थी भी बढ़-चढक़र हिस्सा लेंगे। उन्होने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारम्भ 14 दिसम्बर को मारीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखुल ब्रहमसरोवर पर गीता यज्ञ व विधि-विधानपूर्वक पूजन के साथ विधिवत रूप में करेंगे और खुशी की बात यह है कि पहली बार पश्चिमबंगाल और दिल्ली सहयोगी राज्यों के रूप में इस 11वें अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होंगे। उन्होने बताया कि इस वर्ष श्रीमद भागवत गीता के उपदेश के 5164 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देश-दुनिया में अनेकों कार्यक्रम आयोजित होंगे।

भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिया था कर्म-धर्म और कर्तव्य का संदेश : भाजपा नेता पंकज सिंगला



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष व भाजपा नेता पंकज सिंगला ने बताया कि धर्मनगरी कुरूक्षेत्र की धरती से भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्म-धर्म और कर्तव्य का जो संदेश दिया था, वह आज भी पूरी दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होने बताया कि इस बार 4 दिसम्बर को ज्योतिसर से सरस्वती सेतू होते हुए पीपली तक गीता सदभावना यात्रा निकाली जाएगी जबकि अगले दिन 5 दिसम्बर को गीता रण का आयोजन होगा और 20 दिसम्बर को थीम पार्क में गीता के वैश्विक पाठ का आयोजन होगा, जिसमें प्रत्यक्ष रूप में 27 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे जबकि एक लाख से अधिक विद्यार्थी इस आयोजन में ऑनलाइन जुड़ेंगे। भाजपा नेता पंकज सिंगला ने बताया कि इसके अलावा 18 से अधिक देशों के 60 शिल्पकार गीता महोत्सव में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। खुशी की बात यह है कि पहली बार भारतीय वायुसेना और इसरो की विशेष प्रदर्शनियां भी गीता महोत्सव के दौरान पुरूषोत्तमपुरा बाग में लगाई जाएगी।

गीता महोत्सव में एक लाख विद्यार्थी ऑनलाइन जुड़ेंगे : शिक्षाविद मोहनप्रकाश कौशिक



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना में दौहला रोड़ स्थित डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक व निर्देशक हर्ष कौशिक ने बताया कि धर्मनगरी कुरूक्षेत्र की धरती से भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्म-धर्म और कर्तव्य का जो संदेश दिया था, वह आज भी पूरी दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होने बताया कि इस बार 4 दिसम्बर को ज्योतिसर से सरस्वती सेतू होते हुए पीपली तक गीता सदभावना यात्रा निकाली जाएगी जबकि अगले दिन 5 दिसम्बर को गीता रण का आयोजन होगा और 20 दिसम्बर को थीम पार्क में गीता के वैश्विक पाठ का आयोजन होगा, जिसमें प्रत्यक्ष रूप में 27 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे जबकि एक लाख से अधिक विद्यार्थी इस आयोजन में ऑनलाइन जुड़ेंगे। डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक व निर्देशक हर्ष कौशिक ने बताया कि इसके अलावा 18 से अधिक देशों के 60 शिल्पकार गीता महोत्सव में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। खुशी की बात यह है कि पहली बार भारतीय वायुसेना और इसरो की विशेष प्रदर्शनियां भी गीता महोत्सव के दौरान पुरूषोत्तमपुरा बाग में लगाई जाएगी।

लाठी-डंडों के दम पर दबंगई दिखा पकड़े गए गौधन को छुड़ा ले गए दबंग

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर गांव तिगरा में सडक़ों पर बेसहारा घूमने वाले गौधन को पकडऩे वाली टीम को गौधन पकडऩा उस वक्त महंगा पड़ गया, जब गांव तिगरा में लावारिस गौधन को पकडऩे गए नगरनिगम की टीम के साथ कुछ दबंगों ने ना केवल दबंगई दिखाते हुए धक्का-मुक्की की बल्कि लाठी-डंडों के दम पर पकड़े गए गौधन को भी दबंग जबरन छुड़ाकर ले गए। इस सारे मामले का भांड़ाफोड़ उस वक्त हुआ, जब वरिष्ठ सफाई निरीक्षक ऋषि मलिक ने संबंधित पुलिस थाना में लिखित में दी गई शिकायत में बताया कि आज दोपहर एक बजे से शाम 6 बजे के बीच नगरनिगम की लावारिस पशु पकडऩे वाली टीम जब गांव तिगरा, सेक्टर सत्तावन और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आई और लावारिस गौधन को पकडऩे का अभियान चलाते हुए गौधन को पकड़ लिया। तभी कुछ युवक लाठी-डंडे लेकर वहां आ गए और गौधन पकड़ रही टीम के साथ धक्का-मुक्की करते हुए हेकड़ी व दबंगई दिखाते हुए पकड़े गए गौधन को जबरन छुड़ा ले गए।

शिव पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेलकूद समारोह में विधायक तेजपाल तंवर हुए शामिल

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता









सोहना। यहां पर शिव पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। समारोह में सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने मुख्यातिथि के रूप में तथा सोहना जोन के सहायक पुलिस आयुक्त मुकेश कुमार यादव, मार्केटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया एवं मार्किटकमेटी के वाइस चेयरमैन अशोक बंसल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर शिव पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य भी विशेष रूप से मौजूद रहे। शिव पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल चेयरमैन मुकेश बंसल की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा, मेहनत एवं खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिव पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल चेयरमैन मुकेश बंसल ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण आधार हैं। खेलों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता तथा विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करने का जज्बा विकसित होता है। उन्होने भावुक शब्दों में कहा कि मैं शिव पब्लिक स्कूल को केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि शिक्षा का मंदिर मानता हूँ। यह शिक्षा का व्यापार नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को संवारने और समाज की सेवा करने का एक पवित्र माध्यम है। मेरे लिए चेयरमैन का पद केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि बच्चों की नि:स्वार्थ सेवा करना ही मेरी सबसे बड़ी पूजा है। विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने हेतु चेयरमैन मुकेश बंसल ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सीबीएसई बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए विशेष नकद पुरस्कार योजना की घोषणा की। इसके अंतर्गत कक्षा 10वीं में 92 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए 11 हजार से लेकर एक लाख तक तथा कक्षा 12वीं में निर्धारित उपलब्धियों के अनुसार 11 हजार से लेकर 2 लाख 51 हजार तक के नकद पुरस्कार निर्धारित किए गए है। इस मौके पर मुख्यातिथि रूप में मौजूद सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर और विशिष्ठ अतिथि रूप में आए तथा सोहना जोन के सहायक पुलिस आयुक्त मुकेश कुमार यादव, मार्केटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया एवं मार्किटकमेटी के वाइस चेयरमैन अशोक बंसल ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ खेलों में भी बढ़-चढक़र भाग लेने तथा जीवन में मेहनत, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया। समारोह उत्साह, उमंग एवं खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

क्रांतिकारी झलकारी बाई के जीवन से प्रेरणा ले मातृशक्ति : भाजपा नेता हरीश नंदा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर रविवार को शहर में दमदमा चौक के समीप स्थित भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय पर व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी के सानिध्य और नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला की अध्यक्षता में क्रांतिकारी झलकारी बाई जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के संयोजक व किसान मोर्चा में दमदमा मंडल मंडल अध्यक्ष जगमेन्द्र खटाना, युवा पंजाबी नेता हेमंत नंदा व युवा समाजसेवी मयंक नंदा ने बताया कि इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए भाजपा किसान मोर्चा में वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने कहा कि देश की आजादी में रानी लक्ष्मीबाई समेत अन्य महिलाओं का भी बड़ा योगदान रहा है। रानी लक्ष्मीबाई की हमशक्ल झलकारी बाई ने भी आजादी की लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। झलकारी बाई की शक्ल से कई बार अंग्रेजी सेना भी गुमराह हो जाती थी। झलकारी बाई जयंती के उपलक्ष्य में उन्हे याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका जन्म 22 नवम्बर, 1830 को झांसी के निकट भोजरा गांव के कोली परिवार में हुआ था। उन्हे बचपन से ही घुड़सवारी और अस्त्र-शस्त्रों के इस्तेमाल का प्रशिक्षण भी दिया गया था। हालाकि वह सामाजिक परिस्थितियों के कारण कोई औपचारिक शिक्षा प्राप्त नही कर सकी लेकिन उन्होने स्वयं को एक अच्छे योद्धा के रूप में विकसित किया था। भाजपा किसान मोर्चा में वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने बताया कि ऐसा भी बताया जाता है कि जंगल से लकड़ी लाते हुए एक बार जंगल में उसकी मुठभेड़ तेंदुए हो गई थी। झलकारी बाई ने अपनी कुल्हाड़ी से उस तेंदुए को मार डाला था। इसी प्रकार गांव में डकैती डालने आए डाकुओं का भी उन्होने बड़ी हिम्मत से सामना किया था। जब रानी लक्ष्मीबाई को झलकारी बाई की प्रतिभा की सूचना मिली तो उन्होने उसे अपनी सेना में भर्ती कर लिया। झलकारी बाई का निधन चार अप्रैल, 1857 को मात्र 27 वर्ष की आयु में हो गया था।

इंडरी गांव में घर के बाहर पैड़ी पर बैठकर गांजा बेचने वाला तस्कर गिरफ्तार-एक किलो 323 ग्राम गांजा बरामद

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) यूनिट फरीदाबाद ने गांव इंडरी में अपने घर के बाहर बैठकर गांजा बेचने वाले एक तस्कर विक्रम पुत्र शंकरलाल, निवासी गांव इंडरी, थाना रोजकामेव, जिला नूंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से काले पि_ बैग में रखा एक किलो, 323 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। यूनिट इंचार्ज इन्स्पेक्टर संग्राम सिंह ने कहा कि उनकी टीम थाना रोजकामेव एरिया मे नशा-रोधी गश्त पर थी। तभी एक गुप्तचर ने सूचना दी कि गांव इंडरी निवासी विक्रम पुत्र शंकरलाल अवैध रूप से गांजा बेचने का काम करता है और घर के बाहर बैठकर नशा बेचता है। सूचना मिली कि वह उस समय भी हाथ में काले रंग के पि_ बैग में गांजा लिए अपने घर के बाहर किसी को देने के लिए खड़ा है और देर होने पर गांजे को इधर-उधर कर सकता है। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए टीम तुरंत गांव पहुंची, जहां मुखबिर के बताए पते पर गांव मे घर के सामने पैड़ी पर एक व्यक्ति बैठा मिला। जिसके हाथ में काले रंग का पि_ बैग है। टीम ने साथी कर्मचारियों की मदद से आरोपी को तुरंत काबू कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम विक्रम पुत्र शंकर, निवासी गांव इंडरी, थाना रोजकामेव, जिला नूंह बताया। पुलिस ने आरोपी को अपना व टीम का परिचय देकर उसके बाएं हाथ में पकड़े काले रंग के पि_ बैग की तलाशी ली। बैग में सफेद रंग की प्लास्टिक थैली के अंदर नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ, जिसकी पुष्टि आरोपी ने भी की। आरोपी गांजे के लिए कोई वैध लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। डिजिटल कांटे से तौलने पर प्लास्टिक थैली सहित गांजे का कुल वजन एक किलो, 323 ग्राम निकला, जो इंटरमीडिएट क्वांटिटी की श्रेणी में आता है। इस संबंध में थाना रोजकामेव, जिला नूंह में एफआईआर संख्या 203, दिनांक 21.11.2026, धारा 20 बी (आ ई आ ई) बी - 61 - 85 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में प्रारम्भिक जांच करके एचएसएनसीबी की फरीदाबाद यूनिट ने आरोपी को थाना रोजकामेव के हवाले कर दिया गया। जहां पुलिस अब आरोपी से गांजे की आपूर्ति के स्रोत तथा इससे जुड़े अन्य लोगों के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है। इन्स्पेक्टर संग्राम सिंह ने आमजन से आग्रह किया है कि नशीले पदार्थों की बिक्री, तस्करी या अवैध कारोबार से जुड़ी किसी भी जानकारी को तुरंत पुलिस या एचएसएनसीबी के संज्ञान में लाएं। सूचना एचएसएनसीबी हेल्पलाइन 90508-91508 या मानस टोल-फ्री हेल्पलाइन 1933 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।

गांवों में लंबरदार का पद पुश्तैनी विरासत नही-पिता के बाद बेटे को पद मिलने पर पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय की अहम टिप्पणी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। गांवों में लंबरदार का पद पिता से बेटे को मिलने वाली पुश्तैनी विरासत नहीं है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में इस पद पर पीढ़ियों से चले आ रहे पारिवारिक कब्जे की परंपरा पर सवाल उठाए। अदालत ने स्पष्ट किया कि लंबरदार का पद किसी परिवार का विशेषाधिकार नहीं, बल्कि सार्वजनिक जिम्मेदारी है। लंबरदार पद पुश्तैनी विरासत नहीं, सार्वजनिक जिम्मेदारी है। हाईकोर्ट ने वंशानुगत प्राथमिकता को असंवैधानिक घोषित किया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा कि नियुक्ति योग्यता, ईमानदारी, कार्यप्रदर्शन पर आधारित होनी चाहिए। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में जस्टिस सुवीर सहगल और जस्टिस राजेश गौर की खंडपीठ ने कुरुक्षेत्र जिले के गांव सिम्बलवाल में लंबरदार की नियुक्ति से जुड़े मामले में अपील खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि नियुक्ति में कलेक्टर के विवेकाधिकार में तब तक दखल नहीं दिया जाना चाहिए, जब तक फैसला मनमाना, विकृत या कानून के विपरीत न हो। गांव के तत्कालीन लंबरदार की मृत्यु के बाद उनके बेटे राजकुमार ने पद के लिए आवेदन किया था। शाहाबाद के एसडीएम एवं प्रथम श्रेणी सहायक कलेक्टर ने उनकी नियुक्ति की सिफारिश की थी। ग्राम पंचायत ने भी प्रस्ताव पारित कर उनका समर्थन किया। दूसरे दावेदार की सिफारिश केवल द्वितीय श्रेणी सहायक कलेक्टर ने की थी। इसके बावजूद कुरुक्षेत्र के तत्कालीन कलेक्टर ने राजकुमार के बजाय दूसरे उम्मीदवार को नियुक्त किया। उनका कहना था कि केवल मृतक लंबरदार का बेटा होने के आधार पर नियुक्ति करना न्यायसंगत नहीं है। राजकुमार ने इस आदेश को आयुक्त के समक्ष चुनौती दी। आयुक्त ने दोनों उम्मीदवारों की योग्यता और उपयुक्तता की तुलना कर राजकुमार को बेहतर माना और 26 सितंबर 2018 को उनकी नियुक्ति का आदेश दिया। वित्तायुक्त ने 30 अक्टूबर, 2019 को इसे बरकरार रखा। दूसरे उम्मीदवार की याचिका पर हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 17 अगस्त, 2026 को आयुक्त और वित्तायुक्त के आदेश रद कर कलेक्टर का फैसला बहाल कर दिया। राजकुमार ने इसी निर्णय को खंडपीठ में चुनौती दी थी। खंडपीठ ने कहा कि लंबरदार की नियुक्ति में वंशानुगत प्राथमिकता को पहले ही असंवैधानिक घोषित किया जा चुका है। अदालत के अनुसार, कई बार पिता की मृत्यु के तुरंत बाद बेटा पद संभालता है और जीवन भर उस पर बना रहता है। यही परंपरा अगली पीढ़ी में भी चलती है, चाहे व्यक्ति में जिम्मेदारी निभाने की क्षमता हो या नहीं। अदालत ने सवाल किया कि वैधानिक कर्तव्य निभाने में असमर्थ होने पर भी कुछ लंबरदार पद छोडऩे को क्यों तैयार नहीं होते। इसके पीछे सामाजिक-आर्थिक लाभ और स्थानीय प्रभाव बनाए रखने की इच्छा हो सकती है।

अदालत ने कहा कि नियुक्त व्यक्ति की ईमानदारी, योग्यता और वास्तविक कार्यप्रदर्शन के आधार पर ही उसकी उपयोगिता तय होनी चाहिए। इससे पारिवारिक एकाधिकार घटाने और समानता, जवाबदेही तथा लोकतांत्रिक भागीदारी मजबूत करने में मदद मिलेगी।

संजू ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर किया क्षेत्र व अभिभावकों का नाम रोशन : निहाल सिंह धारीवाल

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रतिभाशाली छात्रा संजू को बधाई दी है और कहा है कि संजू ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण करके ना केवल अपने गांव गोयला बल्कि सोहना विधानसभा क्षेत्र और हरियाणा का नाम देश के मानचित्र पर रोशन किया है और दिखा दिया है कि गांवों में रहने वाले विद्यार्थी भी प्रतिभा के धनी है। उन्होने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मांग की कि संजू को भविष्य में शिक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर सरकार उसकी पूरी मदद कर उसका हौसला बढ़ाने का काम करे। समाजसेवी चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने कहा कि म्हारे गांव की छोरी संजू ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर दिखा दिया है कि आज गांव और हरियाणा की छोरियां किसी भी क्षेत्र में तनिक भी युवाओं से पीछे नही है और देश की आधी आबादी होने के नाते प्रदेश, देश और दुनिया के मानचित्र पर विभिन्न क्षेत्रों में अपने गांव, क्षेत्र, जिला, प्रदेश और अभिभावकों का नाम गौरान्वित कर रही है।

बॉलीवुड फिल्म 'तेरा साथ है कितना प्यारा" में नजर आएंगी गुरुग्राम की सिमरन अरोड़ा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। गुरुग्राम की मॉडल एवं समाजसेवी सिमरन अरोड़ा अब जल्द ही बॉलीवुड की हिंदी फिल्म 'तेरा साथ है कितना प्यारा' में नजर आएंगी। फिल्म में काम करने को लेकर सिमरन अरोड़ा ने काफी खुशी और उत्साह जाहिर किया है। गुरुग्राम में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाली सिमरन अरोड़ा ने मॉडलिंग के साथ-साथ अभिनय के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनानी शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने हरियाणवी वेब सीरीज 'बानो का दीवाना-2' में दादी का किरदार निभाया था। इसके बाद अब उन्हें हिंदी फिल्म 'तेरा साथ है कितना प्यारा' में अभिनय करने का अवसर मिला है। सिमरन अरोड़ा ने बताया कि यह फिल्म बावा एंटरटेनमेंट एवं एसएस प्रोडक्शन के बैनर तले बनाई जा रही है। फिल्म की शूटिंग मुंबई, लखनऊ और हिमाचल प्रदेश में होगी, जो दिसंबर माह के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी उत्तरप्रदेश के हरदोई जिले के एक गांव के रहने वाले रघुवीर के जीवन पर आधारित है। इसमें गांव से निकल कर मुंबई तक पहुंचने और जीवन में संघर्ष करते हुए आगे बढऩे के सफर को दिखाया जाएगा। फिल्म में कई जाने-माने और अनुभवी कलाकार भी अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरते नजर आएंगे। इनमें रंजीत, श्याम सोनी, स्वयं रघुवीर, कॉमेडियन अभिनेता विश्वजीत सोनी, गुलशन पांडे सहित कई अन्य फिल्मी चेहरे शामिल हैं। सिमरन अरोड़ा ने कहा कि यह एक पारिवारिक फिल्म है, जिसमें भावनाओं, रिश्तों और जीवन के संघर्ष को खूबसूरती से दर्शाया जाएगा। उन्हें इस फिल्म का हिस्सा बनने पर बेहद खुशी है और उम्मीद है कि लंबे समय बाद दर्शकों को एक अच्छी पारिवारिक फिल्म देखने को मिलेगी, जो उनके दिलों को छूने में सफल रहेगी। फिल्म में काम करने की सूचना सामने आने के बाद सिमरन अरोड़ा के प्रशंसकों और शुभचिंतकों में भी खुशी की लहर है। उनके चाहने वाले उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हैं।

धान खरीद घोटाले की लोकलेखा समिति से जांच कराए सरकार : इनेलो नेता रोहताश खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार से मांग की है कि राज्य में धान खरीद की आड़ में बरती गई अनियमितताओं, की गई गड़बडिय़ों और घोटालों की लोकलेखा समिति से स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए। उन्होने आरोप लगाया कि धान खरीद की आड़ में फर्जी पंजीकरण और वाहनों के नंबरों के दुरूपयोग के जरिए बडे पैमाने पर गड़बड़झाला किया गया है। उन्होने बताया कि उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक 52 हजार 248 किसानों की 70 हजार 394 एकड़ जमीन का दोहराव यानी डुप्लीकेट पंजीकरण सामने आया है जबकि कुल पंजीकृत भूमि एक लाख 43 हजार 311 एकड़ बताई गई है। यह आंकड़ें सरकारी धान खरीद व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे है। इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने कहा कि ऐसा होना केवल सरकारी धन के दुरूपयोग का मामला नही है बल्कि वास्तविक किसानों के अधिकारों से भी जुड़ा हुआ है। उन्होने सरकारी पोर्टल पर दर्ज धान ढुलाई के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि सपलेंडर मोटरसाइकिल के नंबर पर 100 क्विंटल धान, एक्टिवा स्कूटी के नंबर पर 70 क्विंटल धान और बुलेट मोटरसाइकिल के नंबर पर 70 क्विंटल धान तथा इंडिका कार के नंबर पर 85 क्विंटल धान की ढुलाई रिकार्ड में दर्शाई गई है और यह आंकड़े वाहनों के पंजीकरण नंबर के दुरूपयोग और फर्जी गेटपास बनाए जाने की पोल खुद-ब-खुद खोल रहे है। इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने कहा कि कैथल समेत राज्य की विभिन्न अनाजमंडियों से फर्जी पंजीकरण, बाहरी राज्यों से धान लाने और खरीद प्रक्रिया में बरती गई अनियमितताओं की शिकायतें लगातार सामने आ रही है। ऐसे में जरूरी है कि इस पूरे मामले की जांच हरियाणा विधानसभा की लोकलेखा समिति के महालेखाकार (ऑडिट) से स्वतंत्र रूप से कराई जाए ताकि सरकारी धन की बर्बादी और घोटालों पर रोक लगाने के साथ-साथ वास्तविक किसानों के अधिकारों की रक्षा सही से हो सके।

वोट रक्षक एप से घर बैठे अपना विवरण देख सकेंगे वोटर : वीरेन्द्र यादव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने बताया कि मतदाता सूची की जांच और प्रत्येक मतदाता को उसके वोट के अधिकार के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से कांग्रेस पार्टी ने चौपाल कार्यक्रम की शुरूआत कर वोट रक्षक एप बनाकर अब हर वार्ड और ब्लॉक में घर-घर बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होने बताया कि कांग्रेस की तरफ से मतदाताओं की सहायता के लिए बनाए गए वोट रक्षक एप के जरिए कोई भी मतदाता घर बैठे अपने परिवार की वोटों का पूरा विवरण वोट रक्षक एप के माध्यम से देख सकेंगे। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलकर वोट चोरी कर सरकार बनाई जा रही है। उन्होने यह भी दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत 13 करोड़ वोट काटे गए। कांग्रेस के बनाए गए वोट रक्षक एप के माध्यम से कोई भी मतदाता अब घर बैठे अपनी वोट का पूरा विवरण जान सकते है और यदि नाम कटने या किसी अन्य त्रुटि की आशंका हो तो उस पर ऑनलाइन आपत्ति भी दर्ज करा सकते है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने बताया कि वोट रक्षक एप के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी आपत्तियों और शिकायतों को इकटठा कर कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संबंधित विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम और चुनावआयोग के समक्ष पूरी मजबूती के साथ रखेगा तथा गैर कानूनी तरीके से एक भी जायज वोट को किसी भी कीमत पर हर्गिज कटने नही देगा।

हरियाणवी फाल्गुन गुप्ता ने बढ़ाया हरियाणा का मान : अनिल गोयल मोंटू



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व महासचिव व अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने हरियाणवी टेबलटेनिस खिलाड़ी फाल्गुन गुप्ता के खेल क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पंजाब के जालंधर में आयोजित की गई तीसरी नेशनल टेबलटेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता में अंडर-11 बालिका वर्ग में लगातार तीसरा राष्ट्रीय पदक जीतकर हरियाणा का नाम गौरान्वित किए जाने पर क्षेत्र व प्रदेश के अग्रवाल समाज की तरफ से तरफ से हरियाणवी टेबलटेनिस खिलाड़ी फाल्गुन गुप्ता को बधाई दी है और उन्हे गुदडी का लाल बताया है। उन्होने ऐसे भी संकेत दिए कि जल्द ही उनकी अगुवाई में अग्रवाल समाज का प्रतिनिधिमंडल फाल्गुन गुप्ता को मिलकर क्षेत्र के अग्रवाल समाज की तरफ से सम्मानित करेगा।

मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर खर्च होंगे 8 करोड़ : विधायक तेजपाल तंवर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने बताया कि भूमिगत सीवर और पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने के साथ-साथ सडक़ पुनर्निर्माण पर 8.06 करोड़ की धनराशि खर्च होगी। उन्होने बताया कि बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए टयूलिप चौक से लेकर बादशाहपुर गांव के जोहड़ तक मुख्य सडक़ के सम्पूर्ण कायाकल्प के साथ-साथ भूमिगत सीवर, बरसाती नाले और पेयजल पाइपलाइन को बदलने का कार्य जल्द शुरू होगा। सोहना के गांव भौंड़सी में भाजपा नेता व भारत रक्षामंच के प्रांतमंत्री रामकिशन राघव के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के बीच बोलते हुए भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने बताया कि इस महत्वकांक्षी योजना को सिरे चढ़ाने के लिए उपरोक्त अनुमानित धनराशि लागत का टेंडर लगा दिया गया है। उन्होने बताया कि 16.12 लाख रुपए की धरोहर राशि के साथ जारी इस टेंडर के लिए निर्माण एजेंसियां 30 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेगी और इस परियोजना से सेक्टर उनहत्तर, सत्तर और आसपास लगती दर्जनों सोसायटियों में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। बातचीत के दौरान सरपंच सुरज्ञान सिंह, भाजपा में जिलाउपाध्यक्ष चौधरी जगदीश अंबावता, भाजपा नेता व सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया, सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया, भाजपा नेता महेन्द्र डागर, गांव गढ़ीमुरली से आए भाजपा नेता राकेश यादव, भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष हरीश नंदा राजू, किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन, मोहित खटटर, विपिन मल्होत्रा, सन्नी पाहूजा, विनीत रतड़ा आदि भी मौजूद रहे।

पूर्व उपराष्ट्रपति करेंगे पूर्व मुख्यमंत्री चौटाला की प्रतिमा का अनावरण : इनेलो नेता विजय सिंह डागर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): इनेलो के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया ने रविवार को क्षेत्र में दर्जनों गांवों का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों व किसानों को अपने साथ 20 दिसम्बर तेजाखेड़ा फार्म, सिरसा चलने का निमंत्रण दिया और बताया कि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 20 दिसम्बर को गांव तेजाखेड़ा फार्म, सिरसा में प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत स्वर्गीय चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की भव्य प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उन्होने कहा कि यह प्रतिमा केवल एक व्यक्तित्व की स्मृति नही बल्कि उस संघर्षशील विचारधारा, दृढ़ संकल्प और जनसेवा के भावों का प्रतीक होगी, जिसके लिए चौधरी ओमप्रकाश चौटाला जीवन भर समर्पित रहे। इनेलो नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया ने कहा कि लौहपुरूष चौधरी ओमप्रकाश चौटाला का जीवन संघर्ष, अनुशासन, जनसेवा और मेहनतकश वर्ग किसान-कमेरों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा है। उन्होने अपना पूरा जीवन जननायक चौधरी देवीलाल जी की विचारधारा और जनहित के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने में लगाया। उन्होने बताया कि इनेलो सुप्रीमो और प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने कठिन परिस्थितियों में भी कभी अपने सिद्धांतों से तनिक भी समझौता नही किया और हर परिस्थिति में किसान, मजदूर, गरीब तथा ग्रामीण सर्व समाज की आवाज बुलंद करते रहे। इनेलो नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया ने बताया कि दिवंगत मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के जीवन की स्मृतियां, उनके विचार और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमेशा पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रदेश के लोगों को प्रेरित करती रहेगी। दिवंगत मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी ओमप्रकाश चौटाला का राजनीतिक और सामाजिक जीवन आने वाली पीढिय़ों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत रहेगा।

सोहना के भाजपाईयों ने देखी ट्रेडफेयर की रौनक : भाजपा नेता नरेन्द्र अधाना

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका ने बताया कि भारत मंडपम में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में रविवार को हरियाणा राज्य दिवस पर हरियाणवी संस्कृति की धूम रही। उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में हरियाणवी कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक विरासत, औद्योगिक विकास और पारम्पारिक पहचान को बेहतरीन तरीके से प्रदर्शित कर सबका मन मोह लिया। भाजपा नेता नरेन्द्र अधाना सिरसका ने बताया कि इस मौके पर हरियाणवी लोक नृत्य, हरियाणवी लोक गीत व संगीत के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध संस्कृति की झलक देखने लायक रही। उन्होने बताया कि इन प्रस्तुतियों के साथ-साथ हरियाणा के खानपान, रहन-सहन और लोक परम्पराओं की झलक भी आज भारत मंडपम में देखने को मिली। उन्होने बताया कि मानेसर, सोनीपत, फरीदाबाद, गुरूग्राम जैसे औद्योगिक केन्द्रों के माध्यम से हरियाणा में औद्योगिक क्षेत्र में अपनी अलग ही विशिष्ठ पहचान बनाई है।

विहिप ने आज से शुरू किया हितचिंतक अभियान : सुरेन्द्र जैन राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता





सोहना। विश्व हिंदू परिषद के देशव्यापी हित चिंतक अभियान 2026 के अंतर्गत जिलास्तरीय अभियान का रविवार को राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डाक्टर सुरेंद्र जैन ने विधिवत रूप में शुभारंभ किया और इस अवसर पर उन्होंने अभियान के उद्देश्यों और संगठन की गतिविधियों से अधिक से अधिक लोगों को जोडऩे की आवश्यकता पर जोर दिया। यहां पर गांव रामगढ़ में रहने वाले विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तंवर ने बताया कि आर्यसमाज मंदिर से शुरू किए गए इस कार्यक्रम में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता, ओलंपियन एवं विश्व रैंकिंग में नंबर वन निशानेबाज अभिषेक वर्मा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। उन्हें विश्व हिंदू परिषद के हित चिंतक अभियान 2026 का सबसे पहला सदस्य बनाकर हित चिंतक बनाया गया। उनकी इस सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए विश्व ङ्क्षहदू परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डाक्टर सुरेंद्र जैन ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का हित चिंतक अभियान प्रत्येक तीन वर्ष में आयोजित होने वाला महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके माध्यम से हिंदू समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोडऩे और उन्हे संगठन के कार्यों से परिचित कराने का प्रयास किया जाता है। उन्होने बताया कि इस वर्ष अभियान 6 दिसंबर तक चलेगा। विश्व हिंदू परिषद ने देश भर में एक करोड़ लोगों को हित चिंतक बनाने का लक्ष्य रखा गया है जबकि ग्लोबलसिटी व साइबरसिटी जनपद कहलाने वाले जिला गुरुग्राम में 51 हजार से अधिक लोगों को जोडऩे का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होने अपने संबोधन में बताया कि इस अभियान के तहत कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से सम्पर्क करेंगे। विश्व ङ्क्षहदू परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डाक्टर सुरेंद्र जैन ने बताया कि इस वर्ष पूज्य अशोक सिंघल की जन्म शताब्दी के अवसर पर अभियान का विशेष महत्व है। समाज में सामाजिक समरसता बढ़ाने, सभी वर्गों को साथ जोडऩे और विशेष रूप से युवाओं को संगठन के विचारों एवं कार्यों से परिचित कराना अभियान का प्रमुख उददेश्य है। राष्ट्रीय एकता और भारत को समृद्ध बनाने के संकल्प के साथ अभियान आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री यशवंत शेखावत, प्रांत सह सेवा प्रमुख अजीत सिंह, शहर धर्माचार्य प्रमुख थानमल शर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र तंवर, जिला मंत्री प्रवीण हिंदुस्तानी, जिला सह मंत्री गगनदीप चौहान, प्रांत प्रचार-प्रसार प्रमुख अनुराग कुलश्रेष्ठ, बजरंग दल सह संयोजक हर्ष बजरंगी, मानेसर सह मंत्री अमित राठी, पूर्व जिला मंत्री ब्रह्मदत्त वशिष्ठ, पूर्व विभाग महामंत्री रतिराम शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विकास गोयल, ओलंपियन अभिषेक वर्मा, शूटिंग इंटरनेशनल कोच ओमेंद्र खटाना, शूटिंग रेंज संचालक अजीत तंवर, प्रीतम हसीजा (आर्यसमाज मंदिर समिति मंत्री), जिला उपाध्यक्ष सुशील सौदा, जिला सह मंत्री नवीन एडवोकेट, भाग संयोजक प्रीतम भाटी, नवनीत, गगन, जितेंद्र, प्रदीप गुप्ता, अंशुल तंवर, गौरव एडवोकेट, ध्रुव तंवर और डाक्टर रामवीर गोस्वामी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संविधान रक्षा मार्च में सोहना से उमड़ेगा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जनसैलाब : कांग्रेस नेता महेश घोडारोप

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने रविवार को क्षेत्र में दर्जनों गांवों का दौरा कर ग्रामीणों और पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने साथ संविधान दिवस पर 26 नवम्बर को कांग्रेस के झंडे तले पंचकूला में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय संविधान रक्षा मार्च में साथियों समेत चलने का निमंत्रण दिया और दावा जताया कि क्षेत्र में जिस तरह पार्टी कार्यकर्ताओं में संविधान रक्षा मार्च को लेकर उत्साह नजर आ रहा है, उससे साफ जाहिर हो रहा है कि इस राज्यस्तरीय संविधान रक्षा मार्च में सोहना से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जन सैलाब उमड़ेगा। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने बताया कि संविधान दिवस पर 26 नवम्बर को राज्य विधानसभा के आयोजित होने वाले विशेष सत्र के दौरान ही कांग्रेस पार्टी ने इसी दिन पंचकूला में कांगे्रस तथा पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह संयुक्त रूप से करेंगे। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने बताया कि संविधान रक्षा मार्च निकालने से पूर्व कांग्रेस नेता इस दिन संविधान निर्माता डाक्टर भीमराव अंबेडकर व महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करके करेंगे और इस दौरान नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों और संविधान को बचाने का संकल्प भी सामूहिक रूप से लेंगे। उन्होने बताया कि कांग्रेस पार्टी की लड़ाई संविधान, लोकतंत्र और हर नागरिक के मताधिकार के रक्षा की है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वह बूथ स्तर पर सक्रिय होकर मतदाता सूची से हटाए गए नामों का सत्यापन कर और लोगों को अधिक से अधिक तादाद में 26 नवम्बर को अपने साथ पंचकूला में निकाले जाने वाले राज्यस्तरीय संविधान रक्षा मार्च में चलने के लिए प्रेरित करे।

भाजपा नेता राकेश जैन की अगुवाई में भाजपाईयों का दल टेरडफेयर में आया

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया की अगुवाई में रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं का दल ट्रेडफेयर की रौनक देखने के लिए भारत मंडपम गया। यहां से भारत मंडपम कूच करने से पूर्व मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि भारत मंडपम में चल रहा 45वां इंटरनेशनल ट्रेडफेयर 27 नवम्बर तक चलेगा और खुशी की बात यह है कि ट्रेडफेयर में जाने के इच्छुक लोग एप की मदद से ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते है तो 55 मेट्रोस्टेशनों पर भी ट्रेडफेयर मेले की ऑफलाइन टिकट उपलब्ध कराई गई है। उन्होने बताया कि इस बार सामान्य दिनों में व्यस्कों का टिकट 80 रुपए से बढ़ाकर 100 रुपए और वीकेंड पर टिकट की कीमत 150 रुपए से बढ़ाकर 200 रुपए की गई है तो बच्चों का टिकट सामान्य दिनों में 40 से 50 रुपए और वीकेंड पर 60 रुपए से लेकर 100 रुपए में मिलेगा। उन्होने यह भी बताया कि सुप्रीमकोर्ट मेट्रोस्टेशन और भारत मंडपम में इस बार टिकट काउंटर नही होगा। जिस वजह से इन दोनों स्थानों पर टिकट नही मिलेगी। भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि मेले में प्रवेश के लिए गेट नंबर 3 व 4 के साथ-साथ गेट नंबर 6 व दस खुले रहेंगे। मेले में प्रवेश का समय भी सुबह दस बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक निर्धारित किया गया है और पार्किंग के लिए भैरो मार्ग की पार्किंग के अलावा भारत मंडपम की बेसमेंट पार्किंग में पार्किंग सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होने बताया कि भारत मंडपम के हॉल नंबर एक में 11 देशों के पैवेलियन बनाए गए है, जिसमें थाईलैंड, चीन, नेपाल, ईरान, बंगलादेश शामिल है तो हॉल नंबर 2 से 5 में 32 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की संस्कृति, कला और शिल्प कारीगरी देखने को मिलेगी जबकि हॉल नंबर 6, 8 और 10 में सरकारी योजनाओं, मंत्रालयों और वित्तीय संस्थानों के स्टॉल लगाए गए है। भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि हॉल नंबर 11 में इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, फुटवियर और रसोई के सामान की स्टॉल नजर आएगी तो हॉल नंबर 12 और 12ए में खाद्य पदार्थ, उत्पाद, मसाले, हस्तशिल्प, फर्नीचर और घरेलू सामान की स्टॉल देखने को मिलेगी।

नागरिक 10 से 24 जनवरी तक घर बैठे ऑनलाइन स्व-गणना कर सकेंगे : डाक्टर रामवीर गोस्वामी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व सोहना मार्किटकमेटी मैंबर डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि जनगणना-2027 के दूसरे चरण के तहत गुरुग्राम जिला सहित प्रदेश भर में नागरिकों को अपनी जनगणना संबंधी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके लिए 10 जनवरी से 24 जनवरी, 2027 तक ऑनलाइन स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया संचालित होगी। नागरिक इस अवधि में घर बैठे आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपने परिवार एवं सदस्यों से संबंधित निर्धारित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व सोहना मार्किटकमेटी मैंबर डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि जनगणना-2027 को डिजिटल माध्यम से संचालित किया जा रहा है। स्व-गणना इस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध करा सकेंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे निर्धारित अवधि के दौरान इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाए और अपने परिवार से संबंधित सभी जानकारियां सही एवं सावधानीपूर्वक दर्ज करें। उन्होने बताया कि स्व-गणना के लिए नागरिकों को आधिकारिक पोर्टल पर जाना होगा। पोर्टल पर उपलब्ध स्व-गणना सुविधा के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए परिवार एवं सदस्यों से संबंधित जानकारी ऑनलाइन भरनी होगी। सभी आवश्यक विवरण दर्ज करने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जानकारी सबमिट करनी होगी। उन्होंने कहा कि स्व-गणना करते समय नागरिक यह सुनिश्चित करें कि परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी सही तरीके से दर्ज हो। किसी भी प्रकार की गलत या अधूरी जानकारी देने से बचें, ताकि जनगणना के आंकड़ों की शुद्धता बनी रहे। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व सोहना मार्किटकमेटी मैंबर डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि ऑनलाइन स्व-गणना करने के बाद भी प्रगणक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार घर-घर पहुंचेंगे और दर्ज की गई जानकारी का सत्यापन करेंगे। मुख्य जनसंख्या गणना अभियान 25 जनवरी से 28 फरवरी, 2027 तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रत्येक आवासीय परिसर तक पहुंचकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जानकारी का मिलान एवं सत्यापन करेंगे। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि ऑनलाइन स्व-गणना पूरी करने के बाद भी प्रगणकों को आवश्यक सहयोग दें और सत्यापन की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होने बताया कि जनगणना के दौरान निर्धारित प्रश्नावली के माध्यम से प्रत्येक परिवार एवं व्यक्ति से संबंधित विभिन्न जानकारियां एकत्रित की जाएंगी। हरियाणा में जारी प्रशिक्षण संबंधी जानकारी के अनुसार प्रश्नावली में कुल 40 प्रश्न शामिल होंगे। इनमें जनसांख्यिकीय, सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक गतिविधियों, भाषा, प्रवास तथा अन्य निर्धारित विषयों से संबंधित विवरण शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों के आधार पर भविष्य में विकास योजनाओं, आधारभूत सुविधाओं, सार्वजनिक सेवाओं और जनकल्याणकारी नीतियों के निर्माण में मदद मिलेगी। उन्होने बताया कि जनगणना-2027 में डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जाएगा। प्रगणक मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से आंकड़े दर्ज करेंगे, जबकि जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली के माध्यम से कार्य की प्रगति पर नजर रखी जाएगी। जनसंख्या गणना के बाद एक से 5 मार्च, 2027 तक पांच दिवसीय पुनरीक्षण कार्य भी आयोजित किया जाएगा। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व सोहना मार्किटकमेटी मैंबर डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने कहा कि जनगणना के दौरान नागरिकों द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता सर्वोपरि है। जनगणना अधिनियम, 1948 एवं संबंधित नियमों के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार नागरिकों की जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जैसे तेजी से विकसित हो रहे जिले में प्रत्येक परिवार तक पहुंचना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से बहुमंजिला इमारतों, नए विकसित सेक्टरों, किराये के मकानों एवं प्रवासी आबादी वाले क्षेत्रों में शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होने आरडब्ल्यूए, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से जनगणना अभियान में सक्रिय सहयोग देने की आग्रह करते हुए कहा कि स्व-गणना के माध्यम से नागरिक स्वयं भी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में भागीदार बन सकते हैं। सही जानकारी दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि गुरुग्राम में कोई भी परिवार जनगणना से वंचित न रहे और पूरी प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ सम्पन्न हो।

सोहना आईटीआई में 400 विद्यार्थियों को दी गई डिग्रियां : डाक्टर रतनपाल खटाना



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना ने आज यहां पर स्थानीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित किए गए दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर आईटीआई में शिक्षा ग्रहण करने वाले 400 विद्यार्थियों को अपने हाथों से डिग्रियां दी और इस मौके पर मुख्यातिथि रूप में बोलते हुए विद्यार्थियों को रोजगार क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य कर अपनी काबिलियत को अच्छे से प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया। इस दीक्षांत समारोह की शुरूआत छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना के साथ की गई।

पल्सपोलियो के पहले दिन सरकारी अस्पताल से हुई पल्सपोलियो अभियान की शुरूआत

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर रविवार से प्रारंभ 3 दिवसीय पल्सपोलियो प्रतिरक्षण अभियान की शुरूआत स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एसएमओ डाक्टर रणविजय सिंह ने सरकारी अस्पताल प्रांगण में बनाए गए पोलियो खुराक पिलाओ बूथ पर नौनिहालों को पोलियो बचाव खुराक पिलाकर की। इस मौके पर पल्सपोलियो अभियान के नोडल अधिकारी व वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर सुशांत शिवप्रकाश शर्मा व कई चिकित्सा अधिकारियों के अलावा फार्मासिस्ट सुमित खटाना व आमंत्रित लोग मौजूद रहे। उपस्थितों के बीच एसएमओ डाक्टर रणविजय सिंह ने मुख्यातिथि रूप में बोलते हुए सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया और कहा कि सरकार विकास के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र पर विशेष फोकस कर रही है। वही उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पल्स पोलियो उन्मूलन कार्य में लगा प्रत्येक व्यक्ति, कर्मचारी, स्वयंसेवक अपने को प्रदत कार्य को निष्ठापूर्वक अंजाम दे। तभी अभियान शत-प्रतिशत कामयाब हो पाएगा। उन्होने स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, जागरूक लोगों आदि से पहले की तरह ही इस बार भी पोलियो उन्मूलन अभियान को कामयाब बनाने का आग्रह किया है। पल्सपोलियो अभियान के नोडल अधिकारी व वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर सुशांत शिवप्रकाश शर्मा ने बताया कि पोलियो अभियान झुग्गी-झोपडिय़ों और निर्माणस्थलों, बसअडडा, सार्वजनिक स्थलों पर विशेष रूप से चलाया जाएगा। जीरो से 5 वर्ष तक की आयु वाले बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होने अभिभावकों से कोताही बरतने की बजाए बच्चों को स्वयं ही पोलियो बूथों पर ले जाकर पोलियो से बचाव वाली दवा पिलाने का आहवान करते हुए बताया कि पोलियो का वायरस हर 4 साल बाद पनपता है। पोलियो की दवाई पोलियो बूथों पर व घर-घर जाकर पिलाई जाएगी।

सुभाषिनी यादव को कांग्रेस में राष्ट्रीयसचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई : कांग्रेस नेता राजीव यादव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव यादव ने बिहार के दिग्गज नेता रहे शरद यादव की बिटिया और हरियाणा युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजकमल यादव की धर्मपत्नी सुभाषिनी यादव को कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीयसचिव बनाए जाने पर क्षेत्र व प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ताओं की तरफ से सुभाषिनी यादव को बधाई दी है। उन्होने बताया कि युवा नेता राजकमल किसी परिचय के मोहताज नही है। वह हरियाणा की राजनीति में अहम स्थान रखने वाले स्वर्गीय राव मोहर सिंह के पड़पौत्र और राव कमलबीर सिंह यादव के पुत्र है। उन्होने बताया कि राजकमल राव और सुभाषिनी यादव का विवाह वर्ष-2012 में हुआ था। युवा कांग्रेस नेता राजीव यादव ने राज्य में धान खरीद की आड़ में हुए घोटाले पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि इस घोटाले ने सारी हदें पार कर दी है। इस घोटाले को किस तरह अंजाम दिया गया है, इस बात का अंदाजा सहज रूप में इस बात से लगाया जा सकता है कि सपलेंडर मोटरसाइकिल के नंबर पर 100 क्विंटल धान, एक्टिवा स्कूटी के नंबर पर 70 क्विंटल धान और बुलेट मोटरसाइकिल के नंबर पर 70 क्विंटल धान तथा इंडिका कार के नंबर पर 85 क्विंटल धान की ढुलाई रिकार्ड में दर्शाई गई है और यह आंकड़े वाहनों के पंजीकरण नंबर के दुरूपयोग और फर्जी गेटपास बनाए जाने की पोल खुद-ब-खुद खोल रहे है। युवा कांग्रेस नेता राजीव यादव ने कहा कि कैथल समेत राज्य की विभिन्न अनाजमंडियों से फर्जी पंजीकरण, बाहरी राज्यों से धान लाने और खरीद प्रक्रिया में बरती गई अनियमितताओं की शिकायतें लगातार सामने आ रही है। ऐसे में जरूरी है इस पूरे घोटाले की निष्पक्षतापूर्वक गहराई से जांच-पड़ताल कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आने पर दूध का दूध-पानी का पानी होने पर भ्रष्टाचारियों के चेहरे बेनकाब हो सके।

कांग्रेस 26 को निकालेगी संविधान रक्षा मार्च : युवा कांग्रेस नेता मनोज बंधवाड़ी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज बंधवाड़ी ने बताया कि संविधान दिवस पर 26 नवम्बर को राज्य विधानसभा के आयोजित होने वाले विशेष सत्र के दौरान ही कांग्रेस पार्टी ने इसी दिन पंचकूला में कांगे्रस पार्टी के झंडे तले राज्यस्तरीय संविधान रक्षा मार्च निकालने का निर्णय लिया है। उन्होने बताया कि संविधान रक्षा मार्च में मौजूदा सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, कांग्रेस पार्टी के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के जिलाध्यक्ष और कांग्रेस के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सर्व समाज के लोग बड़ी तादाद में शामिल होंगे। उन्होने बताया कि संविधान रक्षा मार्च की अगुवाई हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय सतीश दत्त और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुडडा तथा पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह संयुक्त रूप से करेंगे। युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज बंधवाड़ी ने बताया कि संविधान रक्षा मार्च निकालने से पूर्व कांग्रेस नेता इस दिन संविधान निर्माता डाक्टर भीमराव अंबेडकर व महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करके करेंगे और इस दौरान नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों और संविधान को बचाने का संकल्प भी सामूहिक रूप से लेंगे। उन्होने बताया कि कांग्रेस पार्टी की लड़ाई संविधान, लोकतंत्र और हर नागरिक के मताधिकार के रक्षा की है। युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज बंधवाड़ी ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वह बूथ स्तर पर सक्रिय होकर मतदाता सूची से हटाए गए नामों का सत्यापन कर और लोगों को अधिक से अधिक तादाद में 26 नवम्बर को अपने साथ पंचकूला में निकाले जाने वाले राज्यस्तरीय संविधान रक्षा मार्च में चलने के लिए प्रेरित करे।

एसआईआर की समय सीमा बढ़ी-अब 22 दिसंबर को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची : योगी राघव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव खेड़ला में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने हरियाणा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची संशोधन की समय-सारिणी में बदलाव किया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण की अंतिम तिथि 15 दिसंबर, 2026 निर्धारित की गई है, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 दिसंबर, 2026 को किया जाएगा। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, नवीनतम और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित ना रहे। उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि वे जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं है अथवा उसके विवरण में कोई त्रुटि है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत 15 दिसंबर, 2026 तक अपना दावा या आपत्ति दर्ज करवाए। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी नागरिक समय रहते मतदाता सूची में अपना नाम और अन्य विवरण सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और पहली बार मतदाता बनने वाले नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का लाभ उठाए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत-केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल होंगे विशिष्ट अतिथि : भाजपा नेता दिनेश शर्मा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन चेयरमैन रहे व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि हरियाणा में पंचायतों और नगरपालिकाओं को सशक्त बनाने तथा स्थानीय निकायों को स्थानीय सरकार के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से गुरुग्राम में 23 और 24 नवंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एसजेएचआईएफएम) की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में पंचायतों एवं नगर निकायों के अधिकारों के हस्तांतरण, वित्तीय स्थिरता और प्रभावी सेवा वितरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन चेयरमैन रहे व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके अलावा हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल तथा हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी सम्मेलन में मौजूद रहेंगे। सम्मेलन का मुख्य विषय हरियाणा में पंचायतों और नगरपालिकाओं का सशक्तीकरण तथा स्थानीय निकायों को स्थानीय सरकार के रूप में विकसित करना है। इसके तहत स्थानीय निकायों को अधिक अधिकार देने, उनकी वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाने और आमजन तक सरकारी सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने और पंचायतों एवं नगर निकायों की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने से जुड़े विषयों पर राष्ट्रीय स्तर पर विचारों एवं अनुभवों का आदान-प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजन स्थल पर सभी तैयारियों को रविवार को अंतिम रूप दिया गया।

समरसता संकल्प यात्रा संत गुरु रविदास जी के समानता और भाईचारे के संदेश को देगी नई व्यापकता : कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने बताया कि राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी ने अपने विचारों और शिक्षाओं के माध्यम से समाज को समानता, सदभाव, भाईचारे और मानवता का मार्ग दिखाया। उनका संदेश किसी एक कालखंड या समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि आज भी सामाजिक एकता और समरसता की मजबूत आधारशिला है। संत गुरु रविदास जी के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही समरसता संकल्प यात्रा उनके महान विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही समाज में आपसी सौहार्द और एकजुटता को नई मजबूती प्रदान करेगी। भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने बताया कि रविवार को गुरुग्राम में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार ने कहा कि 18 नवंबर से 3 दिसंबर, 2026 तक चलने वाली 16 दिवसीय समरसता संकल्प यात्रा लगभग 2,402 किलोमीटर का सफर तय करेगी और 47 शहरों से होकर गुजरेगी। पंजाब के जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां से प्रारंभ हुई यह ऐतिहासिक यात्रा उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित संत गुरु रविदास जी की पावन जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर में संपन्न होगी। यात्रा का मूल उद्देश्य जाति, वर्ग और सामाजिक भेदभाव की सीमाओं से ऊपर उठकर समाज को एकता और भाईचारे के सूत्र में पिरोना है। कैबिनेटमंत्री कृष्णलाल पंवार ने पूर्ववर्ती सरकारों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि संत गुरु रविदास जी की 600वीं और 625वीं जयंती जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अवसरों पर भी उनकी महान शिक्षाओं और सामाजिक योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान दिलाने की दिशा में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई। उन्होंने कहा



कि देश के संतों और महापुरुषों की विरासत किसी विशेष जाति या समुदाय की नहीं, बल्कि समूची मानवता की साझा धरोहर है। उनके आदर्शों को सम्मान देने के साथ-साथ नई पीढ़ी को उनके जीवन दर्शन से परिचित कराना भी आवश्यक है। भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने बताया कि कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सामाजिक न्याय, समान अवसर और अंत्योदय की भावना को निरंतर सशक्त कर रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोडऩे का कार्य किया जा रहा है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने कुरुक्षेत्र के उमरी में लगभग 124 करोड़ रुपये की लागत से भव्य गुरु रविदास धाम के निर्माण तथा संत गुरु रविदास जी की 125 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की है। यह पहल संत गुरु रविदास जी के प्रति श्रद्धा और उनकी महान विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के संकल्प का प्रतीक है। भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने बताया कि हरियाणा में यात्रा के निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कैबिनेटमंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि 25 नवंबर को यमुनानगर, अंबाला और कुरुक्षेत्र में यात्रा का स्वागत एवं विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इसके बाद 26 नवंबर को यात्रा करनाल, पानीपत और सोनीपत पहुंचेगी, जबकि 28 नवंबर को फरीदाबाद और पलवल में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुरुक्षेत्र के उमरी में आयोजित विशाल जनसभा को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी संबोधित करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रदेश के शेष 15 जिलों से निकलने वाली उप-यात्राएं भी मुख्य समरसता संकल्प यात्रा से जुड़ेंगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल संत गुरु रविदास जी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता के संकल्प को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास है। संत गुरु रविदास जी ने जिस भेदभाव मुक्त और समानता आधारित समाज की कल्पना की थी, उसे साकार करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर भाजपा गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि संत गुरु रविदास जी की शिक्षाएं समाज को एकजुट रखने और परस्पर सम्मान की भावना विकसित करने की प्रेरणा देती हैं। समरसता संकल्प यात्रा सामाजिक सद्भाव, आपसी विश्वास और भाईचारे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, युवाओं तथा सभी नागरिकों से संत गुरु रविदास जी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और समरस समाज के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। प्रेसवार्ता में भाजपा गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, जिला मीडिया प्रभारी अजय दुआ एवं जिला मीडिया सह-प्रभारी वरुण चौहान मौजूद रहे।

सोहना की हनुमानबगीची में डंपिंगस्टेशन के विरोध में जुड़ी पंचायत-केन्द्रीयमंत्री से मिलने पर बनी सहमति

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। ऐतिहासिक व धार्मिक तीर्थस्थल के रूप में विख्यात शिवनगरी सोहना शहर में करीब 15-20 एकड़ में प्रस्तावित बड़े डंपिंगस्टेशन में गुरूग्राम-फरीदाबाद जिलों का कूड़ा-कचरा खपाने के विरोध में रविवार को यहां पर स्थानीय प्राचीन हनुमानबगीची में सर्व समाज, छत्तीस बिरादरी की पंचायत जुड़ी। इस पंचायत में सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाउपाध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, कांग्रेस नेता व किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पहलवान सतबीर खटाना दमदमिया, भाजपा नेता व नगरपालिका के पूर्व वेयरमैन राजेन्द्र सिंह बागड़ी, सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया, भाजपा नेता व नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला, श्री शिवकुम्भ अधमर्षण रक्षा सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप सिंगला कालू, युवा समाजसेवी कुंवर महेन्द्र सिंह राणा, धर्मपाल जोहलाका, रविशंकर सिंगला, सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, गुर्जर समाज सेवा समिति से जुड़े समाजसेवी बलबीर गब्दा, जिला योजना बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष हरबीर अधाना नंगली, भाजपा नेता व नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष लेखराज, चौधरी देशा खाईका, पूर्व नगरपार्षद रमन जांगड़ा, हाजी रमजानी, नगरपार्षद साहिल खान, कासम खान, नगरपार्षद नीरज सिंगला आदि प्रमुखजनों समेत अनेकों मौजूदा व पूर्व नगरपार्षदों, कई गांवों से आए सरपंचों, नंबरदारों के साथ-साथ शहर व क्षेत्र के जागरूक लोगों ने वर्गवाद, क्षेत्रवाद, पार्टीबाजी जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर समर्थकों समेत बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। कई घंटों लम्बी चली इस पंचायत में मौजूद लोगों ने सबसे पहले लोगों को इस बात का भरोसा दिया कि गुरूग्राम के कूड़े से भरा एक भी ट्रक आज की तारीख में सोहना में नही आया है और भविष्य में गुरूग्राम के कूड़े से भरा एक भी ट्रक यदि सोहना में आया तो ट्रक को खाली होने से पहले डंपिंग यार्ड के खिलाफ संघर्ष कर रही संघर्ष समिति ट्रक के आगे बैठकर कूड़े से भरे ट्रक को वापिस गुरूग्राम भेजने का काम करेगी। किसी भी कीमत पर कूड़े से भरे ट्रक को सोहना में खाली नही होने दिया जाएगा। साथ ही पंचायत में बोलते हुए विभिन्न वक्ताओं ने सोहना में प्रस्तावित डंपिंग यार्ड पर रोक लगाने के लिए सभी कागजात तैयार कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया गया है। यहां पर आईटीआई कॉलोनी में रहने वाले समाजसेवी अशोक शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस पंचायत में यह भी निर्णय लिया गया है कि सोहना में प्रस्तावित डंपिंग स्टेशन को रोकने के लिए इलाके के पंच-पटेलों और सर्वसमाज पर आधारित 71 सदस्यीय संघर्ष समिति प्रत्येक वार्ड में अपने स्तर पर जनसम्पर्क चलाकर लोगों को डंपिंग यार्ड विरोधी इस मुहिम से जोडऩे का काम करेगी। साथ ही इस मामले में स्थानीय सांसद व केन्द्रीयमंत्री राव इंद्रजीत से मिलकर उन्हे क्षेत्र के लोगों की भावनाओं से अवगत कराते हुए उनका सहयोग व समर्थन इस मुददे पर लिया जाएगा। सोहना शहर में किसी भी कीमत पर बड़ा डंपिंगस्टेशन हर्गिज नही बनने दिया जाएगा। चाहे लाठी खानी पड़े या गोलियां झेलनी पड़े। बाजार बंद करना पड़े या जेल जाना पड़े। ना तो सोहना में डंपिंगस्टेशन बनने देंगे और ना ही गुरूग्राम-फरीदाबाद जिलों का कूड़ा-कचरा सोहना झेलेगा। पंचायत में बोलते हुए विभिन्न वक्ताओं ने साफ कहा कि यह डंपिंगस्टेशन सोहना में ना बनाकर गुरूग्राम और फरीदाबाद जिले में ही वहां का कूड़ा खपाने के लिए वही पर बनाया जाए। सोहना को कूड़ाघर बनने से रोका जाए क्योकि प्रस्तावित स्थल आबादी क्षेत्र में है। इसके आसपास आधा दर्जन रिहायशी कॉलोनियां बसी हुई है तो एक डिग्री कॉलेज, शिव पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, बाबा सरभंग स्कूल समेत कई शिक्षा संस्थान इसके आसपास चल रहे है। यहां बड़ा डंपिंगस्टेशन बनने से भूमिगत जलस्तर जहरीला होने के साथ-साथ पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचेगी। अरावली की पहाडिय़ों को भी नुकसान पहुंचेगा। इधर इंडियन नेशनल लोकदल के जिलाध्यक्ष रोहताश खटाना लोहटकी ने बताया कि इस मसले पर शहर व देहात की जनता मिलकर बिगुल बजाकर आरपार की लड़ाई लडऩे लडऩे में तनिक भी पीछे नही रहेगी। उन्होने साफ-सपाट शब्दों में कहा कि भाजपा सरकार सोहना में उद्योग लाने, महिला कॉलेज बनाने, खेलस्टेडियम में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने, बसअडडा परिसर में रोडवेज का सबडिपो बनाए जाने और गौचर भूमि पर गौवन बनाने, मेट्रो सोहना तक लाने, सोहना शहर को रेल सेवा से जोड़े जाने, सडक़ों पर घूम रहे बेसहारा गौधन, आवारा कुत्तों और बंदरों पर रोक लगाने की बजाय दीवाली के तोहफे के रूप में क्षेत्र को कूड़ाघर देने का काम कर रही है। जिसे इलाका किसी भी कीमत पर हर्गिज बर्दाश्त नही करेगा। उन्होने बताया कि सोहना शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य व पर्यावरण से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर हर्गिज बर्दाश्त नही किया जाएगा और गुरूग्राम व फरीदाबाद जिले का कूड़ा-कचरा सोहना में हर्गिज नही आने दिया जाएगा। पहले ही यहां के लोग टीबी, कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे है। कूड़ाघर बनने पर बीमारियां और ज्यादा पनपेगी। इधर क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया ने सरकार को चौतरफा घेरते हुए कहा कि क्षेत्र व प्रदेश की भोलीभाली जनता को झूठे सपने दिखाकर भाजपा ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दूसरे साल में जनता को मूर्ख बनाकर यहां पर विकास की कोई नई योजना देने की बजाय सोहना में अनुमानित 41 करोड़ रुपए की लागत से करीब 20 एकड़ भूमि पर बड़ा कूड़ाघर बनाने का निर्णय लेकर लोगों को बीमारियों की सौगात देने का काम किया है। भाजपाई केवल हवा-हवाई बातें कर भाई को भाई से लड़ाकर जात-बिरादरी का जहर घोल माहौल को खराब करने का काम कर रहे है तो सरकार प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अराजकता, बिगड़ रही कानून व्यवस्था पर काबू पाने में पूर्णतया विफल साबित हो रही है।

महर्षि कश्यप के आदर्शों और विचारों से समाज को मिलती है एकता, समरसता और सेवा की प्रेरणा : राव नरबीर सिंह

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना मार्किटकमेटी उपचेयरमैन अशोक बंसल ने बताया कि हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने रविवार को बादशाहपुर स्थित कश्यप चौपाल में महर्षि कश्यप की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाएं केवल हमारी आस्था और श्रद्धा का प्रतीक नहीं होतीं, बल्कि उनकी शिक्षाओं, आदर्शों और जीवन मूल्यों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का भी माध्यम होती हैं। महर्षि कश्यप का भारतीय संस्कृति और समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी प्रतिमा की स्थापना से क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना को और मजबूती मिलेगी। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि महर्षि कश्यप के जीवन और उनके आदर्शों से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके विचार हमें समाज में आपसी सद्भाव, एकता, समरसता और सेवा की भावना को मजबूत करने का संदेश देते हैं। हमें महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम करते हैं। कैबिनेटमंत्री राव नरबीर सिंह ने उपस्थिजन को संबोधित करते हुए कहा कि बादशाहपुर क्षेत्र और हरियाणा की जनता ने जिस विश्वास और विकास की उम्मीद के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सेवा का अवसर दिया है, सरकार उन उम्मीदों पर पूरी



तरह खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि बादशाहपुर की जनता ने भी जिस विश्वास के साथ उन्हें क्षेत्र की सेवा का दायित्व सौंपा है, उस विश्वास को कायम रखना उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र में विभिन्न विभागों के माध्यम से अनेक विकास कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों को गति देने के साथ गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विकास कार्यों का व्यापक प्रभाव वर्ष-2027 में धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा और बादशाहपुर क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।कार्यक्रम में निगम पार्षद ज्योति सुमित जैलदार ने बताया कि दक्षिण हरियाणा में पहली बार महर्षि कश्यप जी की मूर्ति स्थापित की गई है, जो कश्यप समाज के लिए एक महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि कश्यप समाज का सामाजिक और सांस्कृतिक योगदान हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने इस अवसर पर वार्ड-18 में करीब 23 करोड़ 64 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। मुकेश यादव जैलदार ने विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि इनमें बादशाहपुर गांव की क्षतिग्रस्त एवं जंग लगी पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन को बदलकर नई डीआई पाइपलाइन बिछाना, त्यागीवाड़ा प्रजापति मोहल्ला में फिरनी वाले रास्ते पर आरएमसी-40 सडक़ का निर्माण, सीवरेज लाइन एवं जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाना शामिल है। इसके अतिरिक्त आरआर कॉलोनी, रामगढ़ और गांव बादशाहपुर के लिए नहरी पानी के बूस्टर का निर्माण किया जाएगा। वहीं बादशाहपुर तालाब से कबड्डी स्टेडियम तक फुटपाथ, स्ट्रीट लाइटिंग, जल निकासी व्यवस्था सहित सडक़ निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य भी किए जाएंगे। इन विकास परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी और सडक़, सीवरेज तथा जल निकासी से जुड़ी सुविधाओं में सुधार होगा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता तिलकराज मल्होत्रा, सत्ये कश्यप प्रधान, अजीत कश्यप, नरेश कश्यप, गणपत कश्यप, पप्पू कश्यप, इंद्रजीत कश्यप, मोनू कश्यप सहित कश्यप समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इसके अलावा जगजीत यादव, धर्म लंबरदार, रोशन मेंबर, गिरवर यादव, होशियार यादव, लक्ष्मण सैनी, कृष्ण सैनी, नरेश निंबल एवं ब्रह्म कांगड़ा सहित आसपास के गांवों की सरदारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

पंचायतों एवं नगर निकायों की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने से जुड़े विषयों पर राष्ट्रीय स्तर पर विचारों एवं अनुभवों का होगा आदान-प्रदान : भाजपा नेता राकेश जैन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि हरियाणा में पंचायतों और नगरपालिकाओं को सशक्त बनाने तथा स्थानीय निकायों को स्थानीय सरकार के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से गुरुग्राम में 23 और 24 नवंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एसजेएचआईएफएम) की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में पंचायतों एवं नगर निकायों के अधिकारों के हस्तांतरण, वित्तीय स्थिरता और प्रभावी सेवा वितरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके अलावा हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल तथा हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी सम्मेलन में मौजूद रहेंगे। सम्मेलन का मुख्य विषय हरियाणा में पंचायतों और नगरपालिकाओं का सशक्तीकरण तथा स्थानीय निकायों को स्थानीय सरकार के रूप में विकसित करना है। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि इसके तहत स्थानीय निकायों को अधिक अधिकार देने, उनकी वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाने और आमजन तक सरकारी सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने और पंचायतों एवं नगर निकायों की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने से जुड़े विषयों पर राष्ट्रीय स्तर पर विचारों एवं अनुभवों का आदान-प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजन स्थल पर सभी तैयारियों को रविवार को अंतिम रूप दिया गया।

पंचायतों और नगर निकायों को आत्मनिर्भर बनाने पर गुरुग्राम में जुटेंगे देशभर के प्रतिनिधि-दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज से : भाजपा नेता नरेन्द्र अधाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका ने बताया कि हरियाणा में पंचायतों और नगरपालिकाओं को सशक्त बनाने तथा स्थानीय निकायों को स्थानीय सरकार के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से गुरुग्राम में 23 और 24 नवंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एसजेएचआई